तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 12 फरवरी 2025

11 तुलसी पूजा से प्राप्त होती है श्रीहरि कृपा : पं. पवन तिवारी



11 मतदान के दौरान उतई में दिखा सद्भाव, मतदाताओं में उत्साह





## खबर संक्षेप

### बिजली कंपनी के इंजी. से पांच लाख की ठगी

**भिलाई।** बिजली कंपनी के इंजीनियर के मोबाइल पर बिना लेनेदन के ओटीपी आया। उसके बाद उनके खाते से 5.29 लाख रुपए पार हो गए। बैंक पहुंचकर पतासाजी करने के बाद घटना की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराया गया। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि प्लाट नं. 46 सड़क 1 पुष्पक नगर दुर्ग निवासी बिजली कंपनी के इंजीनियर अनिल मैथ्यु व उनकी पत्नी एलिजाबेथ के साथ ज्वाइंट खाता आईसीआईसीआई बैंक नेहरू नगर में है। 5 जनवरी को इंजीनियर (सहायक यंत्री जामुल) अनिल के मोबाइल पर एक ओटीपी का मैसेज आया। उसके बाद खाते से रुपए ट्रांसफर हो गए। लेकिन उक्त रुपए को अज्ञात ने निकाला है। जबकि दोनों पति पत्नी ने बैंक से कोई लेनदेन नहीं किया। घटना होने के बाद इंजीनियर ने तुरंत बैंक कस्टमर केयर से संपर्क कर संदिग्ध लेन देन को लेकर सूचना दिया। रुपए इंटरनेट बैंकिंग से निकाला गया है। तुरंत पीड़ित ने 1930 में कॉल कर सूचना दिया।

### जहर सेवन करने से वृद्ध की मौत, जांच जारी

**भिलाई।** होटल में जहर सेवन करने से एक वृद्ध की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि दल्ली राजहरा निवासी रामकृष्ण साहू 65 वर्ष अपने रिश्तेदार के घर बैकुंठधाम आया हुआ था। उसके बाद होटल आशीष पार्क के कमरा नंबर 104 में जाकर 8 फरवरी को कमरा लिया था। कमरा बहुत देर से नहीं खोल रहा था। होटल कर्मियों ने दरवाजा खोलकर देखा तो वृद्ध की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची। शव का पीएम कराया गया जिसमें जहर सेवन से मौत होने की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि राम कृष्ण अपने कुल्हे के दर्द से काफी परेशान था। उपचार के लिए परिजनों एम्स रायपुर लेकर गए थे उपचार माह भर तक चलने की जानकारी लगने पर होटल में आकर रुक गए थे। परिजनों को दर्द से परेशानी से आत्महत्या करने की बात कहा करते थे।

### शिक्षक के यहां चोरी

**भिलाई।** शिक्षक के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और घरेलू सामान पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली सेक्टर निवासी सुरेश कुमार महिपाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भनसुली आर में शिक्षक के पद पर है। 8 फरवरी की शाम अपने मकान में ताला जड़कर परिवार समेत कार्यक्रम देखने ससुराल गनियारी गए हुए थे। घर की चाबी पड़ोसी को दिया था। 9 फरवरी की दोपहर पड़ोसी ने फोनकर बताया कि घर का ताला नहीं दिख रहा है। पीड़ित आया तो घर के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी में रखे सारे जेवरात, 40 हजार रुपए सायकिल, सिलेंडर गायब मिला।

## निकाय चुनाव : महिला वोटरों ने किया खुलकर मतदान, निकायों में 67.96 फीसदी वोटिंग

# पिछले साल से दुर्ग निगम में 6 फीसदी कम मतदान, निकायों में एक फीसदी बढ़ोत्तरी

*नगरीय-निकायों के लिए 11 फरवरी को वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न हो गई। कुछ वार्डो में तनाव की स्थिति निर्मित रही, वही ज्यादातर वार्ड में मतदाताओं के नाम नही मिलने की शिकायत लगातार सामने आते रही। इस तरह छिटपुट घटनाक्रम के साथ आखिर में दुर्ग के दस निकाय में शांतिपूर्ण वोटिंग हुई। शाम पांच बजे तक आठ निकायों की वोटिंग पूरी हो गई थी, सिर्फ अमलेश्वर और दुर्ग निगम की वोटिंग देर रात चलती रही। प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम मशीन में कैद हो गया हैं, जिसका खुलासा आने वाले पन्द्रह फरवरी को होगा। दुर्ग नगर निगम में कुल 2 लाख 37955 मतदाता है। जिसमें पुरूष 74717 और महिला 77037 थे। टोटल मतदाता में करीब 86192 मतदाताओं ने वोट देने रूचि ही नही दिखाई। मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुई प्रक्रिया दुर्ग शहर में देर शाम तक चलती रही।*

## दुर्ग नगर निगम में पिछले साल हुई थी 69.46 फीसदी वोटिंग, दो लाख 37955 में सिर्फ 151763 ने किया मतदान





नगरीय निकाय चुनाव में महिलाओं ने खासा उत्साह दिखाया। सुबह से ही महिलाओं की कतारें मतदान केंद्रों में नजर आई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

पिछले साल 2019 दुर्ग नगरनिगम में 69.46 फीसदी वोटिंग हुई थी, लेकिन इस बार शाम पांच बजे तक 63.78 फीसदी वोटरों ने मतदात करने रूचि दिखाई। पडताल में पाया गया कि, वार्ड 37 में आधा घंटा वोटिंग ईव्हीएम मशीन काम नही करने के कारण प्रभावित रहा, हांलाकि सुधार करने के बाद वोटिंग शुरू हो गई। इसी तरह वार्ड 53 पोटियाकला में पार्टी की पर्ची लेकर मतदाता वोटिंग करने कतारों में खडे रहे, लेकिन जब नंबर आया तो उनका नाम नही होने की बात कही गई, इसी वार्ड में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता मन मर्जी से बूथ के अंदर वोटरों को प्रभावित कर रहे थे। वही हालात वार्ड 54 में देखी गई। हांलाकि निर्दलीय लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद सभी कार्यकर्ताओं को बाहर निकाला गया। इन वार्डो में पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात नही थे। वार्ड 42 में भी बूथ के अंदर कार्यकर्ता प्रवेश कर रहे थे। जबकि सौ मीटर के दायरे के बाहर राजनीतिक पंडाल लगाना होता हैं और प्रत्याशी बूथ के अंदर प्रवेश नही कर सकते। लेकिन बूथों में नियमों को तार-तार किया गया और गिने चुने पुलिस बन ही वहां तैनात रहे। उल्लेखनीय है कि, महापौर के लिए भाजपा के अल्का बाघमार और कांग्रेस के प्रेमलता साहू के बीच मुकाबला था, वहीं 59 वार्ड के लिए 228 पार्षद प्रत्याशी मैदान पर थे।



नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर में अध्यक्ष पद कांग्रेस प्रत्याशी मोनू साहू मतदान के बाद कार्यकर्ताओं के साथ।

भाजपा प्रत्याशी



कांग्रेस प्रत्याशी



### ई-रिक्शा से लेकर पोहा और चाय की सुविधा

दुर्ग शहर के बूथों में मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने ले जाने के लिए प्रत्याशियों ने बकायदा ई रिक्शा कर रखी थी। कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के बूथों में चाय व नाश्ता की भी व्यवस्था देखी गई। जहां वोट देने के बाद वोटर नाश्ता और चाय की चुश्की लेते नजर आए। बूथ के बाहर प्रत्याशी मतदाताओं के सामने हाथ जोडते नजर आए और वोट के बाद उन्हें धन्यवाद देकर घर तक छोडते रहे। यह सिलसिला देर शाम चलता रहा।

### दस निकायों में वोटिंग प्रतिशत

| | |
|---|---|
| नगर निगम दुर्ग | 63.78 |
| नगर निगम भिलाई | 56.93 |
| नगर निगम रिसाली | 69.03 |
| भिलाई चरौदा निगम | 76.77 |
| कुम्हारी पालिका | 78.32 |
| अहिवारा पालिका | 75.49 |
| अमलेश्वर पालिका | 79.90 |
| पाटन नगर पंचायत | 87.34 |
| उतई नगर पंचायत | 85.81 |
| धमधा नगर पंचायत | 83.33 |
| टोटल | 67.96% |
| दस निकायों में कुल मतदाता | 333024 |
| पुरूष | 111803 |
| महिला | 114518 |
| अन्य | 11 |
| कुल मतदान | 226332 |

नोटः इसमें एक लाख 6692 वोटरों ने मतदान में भाग ही नही लिया हैं। इस तरह दसों निकायों में 67.96 वोटिंग दर्ज किए गए हैं।

### पुरुषों से अधिक महिलाएं उत्साहित

निगम चुनाव में इस बार पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में कहीं अधिक उत्साह रहा है। कई वार्डों में महिलाओं की लंबी कतार देखी गई। आमतौर पर महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले वोटिंग में समय लगता है। जिसके कारण बूथों में महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करती रही। ऐसी स्थिति अधिकांश वार्डों में दोपहर बाद बनी। शाम 5 बजे तक मतदान के आंकड़े में बारह से दो बजे तक ही पुरूष अधिक रहे, जबकि चार चरण में महिला पुरूषों से वोट देने में आगे रही।

### रिसाली निगम व भिलाई निगम के एक-एक वार्डों में उपचुनाव

रिसाली निगम और भिलाई निगम के अंतर्गत एक-एक वार्डों में उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। रिसाली के अंतर्गत वार्ड-34 के 69.03 लोगों ने मतदान किया। यहां उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से पार्षद प्रत्याशी राहुल राय व भाजपा ने पार्षद प्रत्याशी हरबंश डहरिया को मैदान में उतारा है। निर्दलीय चंपालाल डाहरे मैदान में है। कांग्रेस पार्षद के निधन के बाद यह वार्ड खाली हो गया था। इसी तरह भिलाई निगम के वार्ड-24 पार्षद पद के लिए मतदान हुआ। इस वार्ड में 56.93 प्रतिशत मत पड़े। इस निगम के वार्ड क्रमांक 35 में कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लेने की वजह से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने जा चुके है। हालाकि इस वार्ड के चुनाव को निर्वाचन आयोग द्वारा रोक लगाई गई है।

### दुर्ग के साठ वार्ड की स्थिति चरणबद्ध

कुल मतदाता 237955

| सुबह | पुरूष | महिला | कुल वोटिंग |
|---|---|---|---|
| 10 बजे | 13158 | 11409 | 10.32% |
| 12 बजे | 29734 | 28041 | 24.28% |
| 2 बजे | 48203 | 49871 | 41.22% |
| 4 बजे | 64086 | 68130 | 55.57% |
| 5 बजे | 74717 | 77037 | 63.78% |

### मतदाता सूची में गड़बड़ी, भटकते रहे मतदाता

नगरनिगम दुर्ग में सबसे ज्यादा समस्या बूथों में नाम नही होने पाया गया, जिसके कारण लोगों को भटकना पडा। वार्ड नौ तिलक कन्या स्कूल में राहुल साहू ने बताया कि, उन्होने लोकसभा व विधानसभा में वोट किया था। लेकिन इस बार नाम नही है। इसी तरह यहां विक्की यादव का भी नाम नही मिला। इस स्कूल में दर्जनभर लोगों के नाम नही मिले। वार्ड 53 और 54 व 11 में भी मतदाताओं के नाम नही मिले। वार्ड तीस में कुछ लोगों के नाम नही मिले। बोरसी वार्ड में पार्षद प्रत्याशी पोषण साहू ने भाजपा पर विधानसभा के पर्ची को बांटकर दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ देखा गया कि, निर्वाचन आयोग द्वारा लोगों को मतदाता पर्ची का वितरण ही नही किया गया। ऐसे में मतदाता पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए पर्ची लेकर पहुंचे थे, जहां प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह पाया गया था। कई वार्ड का दूसरे वार्ड में नाम जाने जैसी गंभीर शिकायत भी मिली।

### एक दिन पहले साड़ी बांटने तक की शिकायत

दुर्ग नगरनिगम के वार्ड नौ विवेकानंद में प्रत्याशियों द्वारा साडी बांटने की शिकायत जिला कंट्रोल रूम में की गई। भाजपा के प्रत्याशी की शिकायत इस दौरान हुई। वही कंट्रोल रूम में कुम्हारी के वार्ड ग्यारह में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बूथ में पूरे परिवार के सदस्यों की सूची में नाम नही होने की शिकायत की गई। हांलाकि जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूप व हेल्पलाइन नंबर का प्रचार प्रसार पर्याप्त नही किया गया। जिससे पिछले साल की अपेक्षा कम शिकायत मिली है। कई लोगों को इसकी जानकारी नही थी।

### 5:30 बजे 8 निकायों की वोटिंग पूरी

शाम साढे पांच बजे धमधा, पाटन, उतई नगर पंचायत की वोटिंग समाप्त हो गई। वहीं पौने छः बजे अहिवारा और कुम्हारी परिषद की भी वोटिंग पूरी हो गई थी। अमलेश्वर के बाद देर शाम दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्डो के वोटिंग चलती रही। शाम पांच बजे के बाद परिसर के अंदर रहे वोटरों से देर रात वोटिंग कराया गया। इधर मतदान के बाद मतदान केंद्रों से पोलिंग कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों की वापसी भी शुरु हो गई। आसपास केंद्रों से मत पेटी लेकर कर्मचारी निर्धारित स्थल पर पहुंचने लगे है।

### सरदार वल्लभभाई स्कूल में अव्यवस्था

पिछले निकाय चुनाव में पैरामिलिटरी फोर्स बुलाए गए थे। लेकिन इस बार सिर्फ स्थानीय पुलिस बल ने ही मोर्चा संभाला था। शहर में संवेदनशील बूथ होने के बाद भी पुलिस बल पर्याप्त नही थे। कई परिसर में आधा दर्जन बूथे थे, लेकिन वहां सिर्फ दो ही पुलिस मोर्चा संभाले थे। वार्ड 11 में भाजपा के कार्यकर्ता भगवा रंग का टीशर्ट पहनकर बूथ में प्रवेश कर रहे थे। हांलाकि उन्हें पुलिस ने बाहर किया। दुर्ग शहर के वार्ड 36 सरदार वल्लभ में मशीन और कमल छाप के प्रत्याशियों के बीच नोकझोंक होती रही। वहीं स्कूल में आसामाजिक तत्व घुस गए थे। यहां सबसे ज्यादा आठ बूथ होने के कारण भीड की स्थिति रही। यहां स्थिति काबू करने पुलिस जवानों को हल्की लाठी भी चलानी पड़ी।

## वार्ड-24 हाउसिंग बोर्ड में घटना से लोगों में नाराजगी

# पूर्व पार्षद की कार से मिली चांदी की मूर्ति कांग्रेस व भाजपा समर्थकों में झूमा-झटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

चांदी की मूर्ति के साथ पूर्व पार्षद पकड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना मतदान के एक दिन पहले रात की है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोप है कि वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड फौजी नगर में वार्ड पार्षद का उप चुनाव चल रहा था। मंगलवार को मतदान हुआ। लेकिन सोमवार की रात पूर्व पार्षद नितेश यादव चांदी की मूर्तियों के साथ पकड़ाया हैं। इसे लेकर भाजपा के लोगों ने जमकर विरोध जताया था। सूचना मिलने



पर भाजपा समर्थकों ने पुलिस को खबर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पूर्व पार्षद नितेश यादव की कार सीजी 07 बीए 7868 से चांदी की 4 मूर्तियां और खाली डिब्बों को जब्त किया हैं। घटना के बाद रात को ही भाजपा कांग्रेस समर्थक आमने सामने आ गए थे। पूर्व पार्षद नितेश यादव प्रत्याशी के लिए कार में वोट मांगने निकला था। भाजपाइयों को शक होने पर वार्ड के मतदाताओं को कुछ प्रलोभन देने की कोशिश करने की जानकारी जुटाई। कंफर्म होने के बाद लोगों ने नितेश यादव की कार समेत घेर लिया। कार की तलाशी लेने पर से चांदी की गणेश और लक्ष्मी की मूर्तियां बरामद हुई।

### आचार संहिता का किया उलंघन

भाजपाईयों का आरोप था कि नितेश यादव ने पहले तो कहा कि वो सभी मूर्तियां अपने लिए लेकर जा रहा है। इस दौरान उसकी कार में मूर्तियां रखने वाले खाली डब्बे मिले। इससे भाजपा के लोग भड़क गए। उनके बीच झूमाझटकी भी जमकर रात को हुई जिसका वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। नितेश यादव और उनके साथियों ने अपने पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए चांदी की मूर्तियां बांटी हैं। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### अंडरब्रिज निर्माण कार्य, दुर्ग-दल्लीराजहरा ट्रेनें रहेगी केंसिल



**भिलाई।** बोरसी रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज निर्माण कार्य होना है। जिसकी वजह से रेलवे ने दुर्ग दल्लीराजहरा पर चलने वाली ट्रेनों को केंसिल किया है। रेलवे के मुताबिक दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के फाटक संख्या 5 में रोड अंडर ब्रिज कार्य के कारण ट्राफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। गाड़ी संख्या 78824 दुर्ग - दल्लीराजहरा 16 एवं 23 फरवरी को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 78818 अंतागढ़- दुर्ग 16 एवं 23 फरवरी और 13 फरवरी को दल्लीराजहरा में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी दल्लीराजहरा - दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी।



## खबर संक्षेप



### रासेयो के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता का संकल्प लिया

**दुर्ग।** भारत सरकार द्वारा संचालित स्वभाव स्वच्छता , संस्कार स्वच्छता के तहत शासकीय विश्वनाथ यादव महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर तरुन कुमार साहू सर की मार्गदर्शन के अनुसार स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय सिंह ने संकल्प करते हुए संबोधित किया कि स्वच्छता हमारी पहली जिम्मेदारी एवं पहलू होते हैं। एमएसडब्लू विभाग की प्रोफेसर निखिल साहू द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई में बच्चों को संपूर्ण विकास के बारे में नेतृत्व किया। राजपथ दिल्ली में सम्मिलित होने वाले स्वयंसेवक दीपांकर ने सभी बच्चों को परेड एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवक नकुल द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान किया गया। स्वयंसेवक सतएक द्वारा बच्चों को लीडरशिप क्वालिटी एवं फंडामेंटल राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया।

### बेलौदी आश्रम में मनाई जाएगी माधी पूर्णिमा



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आसाराम आश्रम बेलौदी में माघी पूर्णिमा मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे गुरु वंदन, 9.30 पाठ, पादुका पूजन 10 बजे उसके बाद भजन कीर्तन रखा गया है। साथ में बच्चों और अभिभावक के बीच 14 फरवरी के निमित्त मातृ पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम भी होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालसंस्कार विभाग की भूमिका रहेगी। अंत में आरती के बाद भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### डाक अदालत का आयोजन 20 को

**दुर्ग।** प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर भिलाई द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायत पर प्रत्यक्ष चर्चा कर उनका समाधान करने संभागीयस्तर पर आगामी 20 फरवरी को प्रातः 11 बजे डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजना, रजिस्ट्री मनीआर्डर, स्पीड पोस्ट जैसी समस्याओं के लिए 18 फरवरी शाम 5 बजे तक आवेदन लिए जाएंगे।











### नगर निकाय चुनाव : दस निकायों में 333024 वोटर में से 226332 ने लिया भाग

# लोकतंत्र के महापर्व में शहर सरकार बनाने महिलाओं ने मतदान में पुरुषों को पीछे छोड़ा

**सुबह आठ से मतदान शुरू हुई, बुजूर्ग और दिव्यांगों भी पहुंचे बूथ, हाथों में लगी अमिट स्याही की छाप दिखाकर वोटरों ने जताई खुशी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के दस नगरीय निकाय का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। निकायो में ढाई हजार से अधिक वोट देकर महिलाओं ने पुरूषों को पीछे छोड दिया। सुबह आठ बजे से देर शाम बूथों में वोट देने की प्रक्रिया चलती रही। इस दौरान मतदान देने पुरूष के अपेक्षा महिलाओं में जमकर उत्साह दिखा। वोटिंग की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद देर रात मतदान दल स्ट्रांग रूम में पहुंच गए। जहां ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में कडी निगरानी के बीच सीलबंद कर दिया गया है, जिसकी गणना आगामी 15 फरवरी होगी।

जिले के 07 नगरीय निकाय में आम निर्वाचन और 03 नगरीय निकाय में उप निर्वाचन आज शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई है। जिले में औसत मतदान 67.96 प्रतिशत रहा है। जिला मुख्यालय दुर्ग निगम एवं अन्य नगरीय निकायों में मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। यहां लोग सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक अपने बारी का इन्तजार करते हुए उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। जिले के अन्य मतदान केन्द्रों पर भी मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया। इस चुनाव में युवा महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्ग सहभागिता दर्ज की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही, इससे मतदाता निश्चिंत होकर मतदान कर सके।



### व्हील चेयर में मशक्कत करते पहुंचे बुजूर्ग



मतदान करने 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला जानकी बाई जो चलने में असमर्थ थी, लेकिन उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति से वालिंटियर्स के द्वारा व्हील चेयर में बैठाकर मतदान केन्द्र पहुंचा गया। उनका कहना है कि अगर वह अगले पांच वर्षो तक जिंदा रही तो फिर से अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। सभी मतदान केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा छाया, रैम्प, पानी, व्हील चेयर, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। जिले में शाम 4 बजे तक 59.88 प्रतिशत मतदान रिकार्ड दर्ज किया गया।

### कमिश्नर, आईजी व कलेक्टर ने लाइन में लगकर किए मतदान







कमिश्नर सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, रिटर्निंग अधिकारी एडीएम अरविंद एक्का एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने वोट दिए। वहीं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी भी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार किए। उन्होंने जेआरडी स्कूल के बूथ संख्या 120 में वोट किया।

### विधायक रेणुका गजेन्द्र यादव ने किया मतदान



आज नगरीय निकाय चुनाव में स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए विधायक गजेन्द्र यादव पत्नि रेणुका यादव और बेटे प्रखर यादव संग मतदान किये। सुबह 9 बजे बोरसीभाठा स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और कतार में लगकर अपनी बारी आने पर मतदान किये। इस दौरान मतदान केंद्र के आस पास सभी नागरिकों से दुर्ग निगम क्षेत्र में मजबूत लोकतंत्र और विकसित शहर के लिए मतदान कर अपनी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने अपील किये। मतदान करने के पश्चात विधायक गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न बूथ में पहुंचकर व्यवस्थाओ का जायजा लिये और कार्यकर्त्ताओ का हौसला बढ़ाया। शहर विधायक गजेन्द्र यादव के बेटे प्रखर यादव ने भी आज मतदान किया। वे फर्स्ट टाइम वोट किए।

### एआरओ गुप्ता ने व्हील चेयर के जरिए की मदद



पोटियाकला मतदान केंद्र में तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने केंद्र निरीक्षण के दौरान काफी वृद्ध महिला को व्हील चेयर में खुद से मतदान केंद्र पहुंचाया। निकायों के मतदान केन्द्रों में आयोग द्वारा व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। हांलाकि इस दौरान वालेंटियर की कमी रही। ऐसे में कई जगह अफसर और परिजन खुद ही बुजूर्गो को बूथो तक पहुंचाते दिखे।











## जनता ने भाजपा के पक्ष में किया मतदान :अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा है


- मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए उत्साहजनक

कि, नगरीय निकाय के चुनाव में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक है और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है।



कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। श्रीमती बाघमार ने कहा कि, कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त हो चुकी शहरी और नगरीय क्षेत्रों की जनता का आक्रोश मंगलवार को नगरीय निकायों के मतदान में व्यक्त किया। भाजपा महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि जनता-जनार्दन ने पूरे दुर्ग के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। मतदाताओं ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि दुर्ग मूलभूत नागरिक सुविधाओं और विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या स्थानीय स्तर पर रोजगार की बात हो या फिर अधोसंरचना के निर्माण का विषय हो, जिन योजनाओं को भारतीय जनता पार्टी ने क्रियान्वित किया था, उन सारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने जिस प्रकार अपने इस पाँच साल के कार्यकाल में धोखाधड़ी और छलावा किया, उसे लेकर लोगों में बहुत नाराजगी है। अलका बाघमार ने कहा कि दुर्ग के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी करके पूरे छत्तीसगढ़ को निराशा के गर्त में धकेलने वाली कांग्रेस की गिनती पूरी हो चुकी है और आगामी 15 फरवरी को मतगणना में उसकी पुष्टि हो जाएगी।

## पूर्व विधायक अरुण वोरा व पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया मतदान





**दुर्ग।** नगर निकाय चुनाव 2025 के तहत कांग्रेस के पूर्व विधायक अरुण वोरा व पूर्व पार्षद धीरज लाल बाकलीवाल ने महापौर और पार्षद पद के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वे मतदान केंद्र सपरिवार पहुंचे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतपत्र पर अपनी मुहर लगाई।मतदान के बाद वोरा ने जनता से भी लोकतंत्र के इस पर्व में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा हर नागरिक का एक-एक वोट बहुमूल्य है। नगर की सरकार चुनने का यह अवसर है, जिसे हमें जिम्मेदारी से निभाना चाहिए।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला शिक्षण समिति दुर्ग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं का सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सेठ आरसीएस विधि महाविद्यालय, सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय, दाऊ ररू प्रसाद राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एंव शहीद भगतसिंह राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संयुक्त वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी डॉ. एम. भार्गव, अध्यक्षता जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी एंव विषिष्ट अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ एवं समिति के संरक्षक डॉ. जयराम अय्यर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. एम. भार्गव ने कहा कि अपनी सोच और लक्ष्य को बड़ा रखें और ईमानदारी से मेहनत करें तो आपको लक्ष्य तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रवीणचंद्र तिवारी ने जिला शिक्षण समिति के इतिहास से छात्रों को अवगत कराया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। इनमें मुख्यतः कथक नृत्य, पंथी नृत्य, बस्तर नृत्य, पंजाबी नृत्य, दक्षिण भारतीय नृत्य, देशभक्ति नृत्य, एकल व युगल गीत आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण सत्र के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप ने संस्थाओं के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति पुरस्कार के रूप में रजत पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय को अंतर महाविद्यालयीन स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभागियों तथा एनसीसी बी प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण कैडेटों व एनसीसी बेस्टकैडेट बालिका वर्ग से ईरा जेठवा एवं प्रिया सिन्हा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एंव शॉल श्रीफल देकर सम्मनित किया गया।

### जनसंपर्क में प्रत्याशियों से किया था वोटिंग का वादा और चले गए कुंभ

# कुंभ की भक्ति में डूबे वोटर, प्रत्याशियों के चेहरे उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के बीच इन दिनों चल रहा कुंभ स्नान प्रत्याशियों की ग्रह दशा बदल दी हैं। मंगलवार को वोटिंग का दिन था, लेकिन बुधवार को ही पूर्णिमा स्थान का भारतीय

- पिछले निगम चुनाव से कम वोटिंग

संस्कृति में बढा योगदान माना जाता है। ऐसे में शहर की बडी आबादी कुंभ स्नान करने चले गए। हांलाकि वोटिंग प्रतिशत गिरने के और भी कारण है। जिसमें मतदान सूची में नाम नही मिलना और शादियों का चल रहा सीजन भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि, पिछले साल वर्ष 2019 के नगरनिगम के साठ वार्ड में 69.46 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी। लेकिन इस बार छः फीसदी गिरावट आई है। 11 फरवरी को किए गए मतदान में आंकडे लूढकर 67.96 तक सिमट गया। माना जा रहा है कि, प्रचार प्रसार में प्रत्याशियों को वोटरों ने वोट देने का वादा तो किया लेकिन मतदान के दिन ज्यादातर वोटर प्रयागराज कुंभ स्थान करने चले गए। जानकारी अनुसार शहर के वार्ड 35 में दो सौ से अधिक लोग कुंभ स्थान करने चले गए। इसी तरह शहर से बडी संख्या में लोग प्राइवेट वाहन कर प्रयागराज चले गए। जिसके चलते मतदान के दिन प्रत्याशियों को मासूसी हाथ लगी हैं।

### दुर्ग निगम के 86 हजार वोटरों ने किया मतदान

नगरनिगम में कुल 2 लाख 37955 मतदाता है। जिसमें पुरूष 74717 और महिला 77037 थे। टोटल मतदाता में करीब 86192 मतदाताओं ने वोट देने रूचि ही नही दिखाई। मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुई प्रक्रिया दुर्ग शहर में देर शाम तक चलती रही। पिछले साल 2019 दुर्ग नगर निगम में 69.46 फीसदी वोटिंग हुई थी, लेकिन इस बार शाम पांच बजे तक 63.78 फीसदी वोटरों ने मतदात करने रूचि दिखाई।



### मतदाता सूची में नाम नही मिलना

जानकारी अनुसार चुनाव में बडी संख्या में इस बात की शिकायत रही कि वोटरों के नाम नही मिल रहे है। ज्यादातर वोटरों का नाम दूसरे वार्ड व दूसरे बूथ में चले गया था, वही कई लोगों के नाम सूची से ही गायब हो गए थे। वार्ड 51 और वार्ड 13 में तो मतदाता बूथ खोजते नजर आए। भाजपा संगठन के नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि, इस तरह की समस्या ज्यादातर वार्ड में थी। उन्होने बताया कि, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूची और पार्टी को दी गई सूची में भिन्नता थी। जिसके कारण लोगों को परेशान होना पडा।

### विधानसभा चुनाव से भी कम वोटिंग

वर्ष 2023 के नवंबर माह में विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ था। इस दौरान विधानसभा के साठ वार्ड वाले क्षेत्र में फिर से नगरनिगम चुनाव हुआ। दो साल बाद बडी संख्या में वोटर तो जुडे, लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से वोटिंग की प्रतिशत गिर गई। विधानसभा चुनाव में 65 फीसदी के आसपास वोटिंग हुए थे। लेकिन दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड में वर्तमान में सिर्फ 63.78 फीसदी वोटिंग ने प्रत्याशियों को चिंता में डाल दिया हैं।

## खबर संक्षेप



### भगवान और जनता का मिल रहा आशीर्वादः आशा

**निकुम।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नजदीक आते ही गांव में चुनावी मुकाबले दिलचस्प होते जा रहा है। गांव में चुनावी चौपाल में चाय के साथ कई तरह के चर्चे हो रहे हैं, वहीं क्षेत्र का मन 7 से प्रत्याशी आशा साहू जो कि चुनावी प्रचार की शुरुआत ग्राम तिरगा खरखरा नदी में विराजित शिव नंदी में रोज पूजा-अर्चना कर दुग्ध अभिषेक कर जनता का आशीर्वाद आशा साहू को मिल रहा है।

### मतदान करने जागरूकता अभियान चलाया

**भिलाई।** आर्य समाज एवं आर्य वीरों ने अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए लोगों के बीच पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में संजय आर्य, मनोज आर्य, कृष्ण मूर्ति, हिमांशु आर्य, तुषार आर्य, अंकित आर्य , आयुष आर्य, प्रभात ताम्रकार, कन्हैया लाल साहू आदि उपस्थित थे।

## धनोरा में शत चंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन

# भगवान श्रीराम व माता सीता विवाह प्रसंग से लोगों को मिलती है सीखः धीरेन्द्र महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में चल रहे कथा आयोजन में भक्तो ने दी सेवाएं**





बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के भक्तों की विशेष सहयोग से हर साल माघी पुननी मेला के पावन पर्व 67 वर्ष से यहां पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होते चले आ रहे हैं। समस्त ग्रामवासी की कृपा से 4 फरवरी से 12 फरवरी तक निरंतर शत चंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि श्रीराधा कृष्णा मंदिर समिति कि ओर से हर साल यहां पर माघी पुन्नी मेला मंडई का आयोजन होते आ रहा है। इस वर्ष भी मेला मंडई का आयोजन 12 फरवरी को रखा गया है। आगे लक्ष्मण बाबा ने बताया कि धनोरा में चल रहे श्री राम कथा में चित्रकुट से पधारे जगतगुरु धीरेन्द्र महाराज ने राम चरित्र मानस का पुष्प वाटिका प्रसंग में बताया कि श्री राम ने कैसे स्वीकारा सीता का प्रेम, धर्म मार्गशीर्ष महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर श्रवण नक्षत्र में सीता राम विवाह की परंपरा है। माना जाता है त्रेतायुग में इसी संयोग पर श्री राम और सीता का विवाह हुआ था इस दिन को विवाह पंचमी कहा जाता है। सीता राम विवाह से जुड़े प्रसंग बाल्मीकि रामायण और तुलसी दास रचित रामचरितमानस में बताये गए हैं जिनसे कई बातें सीखने को मिलती हैं। तुलसी रामायण यानी रामचरितमानस में श्रीराम और सीता का पुष्प वाटिका प्रसंग बताया गया है कहा कि श्रीराम और सीता का विवाह से पूर्व का यह प्रेम अत्यंत पवित्र है। ये भाव और मन के तल पर प्रेम और स्नेह की परिकाष्ठा है, सीता और राम दोनों ही मानसिक रूप से इसे स्वीकार करते हैं। यह सात्विक दृश्य कितना प्रेरक है वासना प्रेम नहीं है स्वतंत्रता के नाम पर मर्यादा तोड़ना उचित नहीं है। राम ने काम को स्वीकार कर प्रेम और वासना का अंतर बताया है। यह प्रसंग उन्हें मानव के स्तर से बहुत ऊंचा उठाता है। भगवान श्रीराम मिथिला की गलियों में घुमते हुए पुष्प वाटिका पहुंचे है वहां पर फुल तोड़ने माता जानकी भी आती है वहीं पर माता सीता और प्रभु श्री राम का पहला मिलन होता है। इसी के साथ महाराज गवान श्रीराम के धनुष तोड़ने की चर्चा की एवं श्रीराम विवाह और बधाई दी। इस मौके पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंडा क्षेत्र से संजय साहू पत्रकार ने जगतगुरु के पैर छुकर आशीर्वाद लिया एवं महाराज ने दरबार के प्रशस्ति पत्र एवं श्री राम पट्टी गले में डाल कर आशीर्वाद दिया। दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा विनोद साहू, राजू यादव ने महाराज आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में गुलाब साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, भोलू, खिलेश्वर, नारायण साहू, योगेश साहू, सुखी राम, दिनेश साहू, सुखऊ राम, मनसुखा साहू, ललित साहू, बाबू लाल, शिवचरण साहू, मारियल साहू, वासुदेव सप्रे, सुनील कहार, सुंदर सप्रे, चैतु राम ग्रामीण पटेल, हेमंत साहू, डोरे लाल, ओमकार साहू, मुन्ना गंधर्व, जीवराखन, झब्बू साहू, रुपलाल साहू, बबीता साहू, ललिता यादव, देवकी साहू, नीरा साहू, दुर्गा साहू, प्रमिला साहू, देवश्री साहू, अंजू देवांगन, कौशिल्या सेन, पुष्पा देवांगन, दशरी पटेल एवं दरबार में आने वाले बड़ी संख्या में अपनी सेवाएं दे रही है।

# भिलाई में बनेगा दो करोड़ की लागत से स्केटिंग ग्राउंड

## विधायक रिकेश की पहल पर कलेक्टर ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- प्रदेश के खिलाड़ियों में हर्ष का वातावरण

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास और दूरदर्शी सोच के चलते भिलाई-दुर्ग शहर को एक और बड़ी सौगात बहुत जल्द जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगेगी। भिलाई के नेहरू नगर कोसा नगर टोल प्लाजा के समीप 2 करोड़ की लागत से ऐसा स्केटिंग ग्राउंड बनने जा रहा है जो कि भिलाई दुर्ग ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ को स्केटिंग स्पोर्ट्स के लिए नई दिशा दिखाएगा। विधायक रिकेश सेन ने स्केटिंग ग्राउंड के लिए प्रस्ताव बना कर दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को दिया था जिसे स्वीकृति मिल गई है। स्केटिंग ग्राउंड निर्माण के लिए पूरा प्रोजेक्ट लगभग तैयार हो चुका है और 80 लाख रूपये प्रथम किश्त के तौर पर शासन से स्वीकृत भी कर दिया गया नतीजतन कार्य शुरू होगा और बहुत जल्द ग्राउंड भिलाई दुर्ग के स्केटिंग खिलाड़ियों के लिए शुरू भी कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के लिए स्केटिंग में सर्वाधिक नेशनल मेडल जीतने वाले दुर्ग भिलाई के खिलाड़ी करीब 2 दशक से रोल स्केटिंग ग्राउंड की मांग करते रहे हैं। स्केटिंग में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अमितेश मिश्रा को राज्य सरकार ने गुंडाधुर अवार्ड से भी नवाजा है लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में हर वर्ष सैकड़ों बच्चे और युवा रोल और स्पीड स्केटिंग का हुनर ही छोड़ गए। भिलाई दुर्ग की बात छोड़िये पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वसुविधायुक्त स्केटिंग ग्राउंड नहीं हैं। स्केटिंग कोच दलजीत सिंह ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की इस पहल को स्केटिंग स्पोर्ट्स के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि वर्षों से दुःखी मन लेकर वो खिलाड़ियों को कभी सड़क तो कभी निजी स्कूल ग्राउंड में प्रैक्टिस करवाते रहे हैं। गौरतलब हो कि वर्षों से हर नेशनल प्रतियोगिता में मिलने वाली उपलब्धियों और भिलाई के खिलाड़ियों के प्रदर्शन बाद स्केटिंग कोच दलजीत सिंह का दर्द उभर कर सामने आता रहा है। कई स्केटिंग खिलाड़ी जनप्रतिनिधियों के समक्ष स्केटिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग करते रहे लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ठोस पहल नहीं की थी।

# मतदान के दौरान उतई में दिखा सद्भाव, मतदाताओं में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

- सभी वार्डों में जमकर हुआ मतदान, दलों के कार्यकर्ता रहे सक्रिय

नगर में नगरीय निकाय चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ,किसी भी प्रकार से कोई बात सामने नहीं आई। सभी प्रत्याशियों में किसी भी प्रकार से एक दूसरे के प्रति नाराजगी नहीं देखी गई। सभी एक साथ खड़े हुए देखने को मिला जो उतई की पहचान है और आत्मीयता की भावना झलकती है। उतई नगर पंचायत चुनाव में उतई के वार्ड 1 में कुल मतदाता 522 है जिसमें से 463 मत पड़े, वार्ड 2 में कुल मतदाता 643 है जिसमें से 544 मत पड़े, वार्ड 3 में कुल मतदाता 423 जिसमे से 347 मत पड़े, वार्ड 4 में कुल मतदाता 487 है जिसमें से 420 मत पड़े, वार्ड 5 में कुल मतदाता 396 है जिसमें से 344 मत पड़े, वार्ड 6 में कुल मतदाता 482 है जिसमे से 405 मत पड़े, वार्ड 7 में कुल मतदाता 626 है जिसमें से 495 मत पड़े, नगर के वार्ड 8 में कुल मतदाता 469 है जिसमें से 400 मत पड़े, वार्ड 9 में कुल मतदाता 821 है जिसमें से 715 मत पड़े, वार्ड 10 में कुल मतदाता 386 है जिसमें से 337 मत पड़े हैं, वार्ड 11 में कुल मतदाता 651 है जिसमे से 539 मत पड़े, वार्ड 12 में कुल मतदाता 326 है जिसमें से 284 मत पड़े, वार्ड 13 में कुल मतदाता 522 में है जिसमें 447 मत पड़े, वार्ड 14 में कुल मतदाता 594 है जिसमें से 494 मत पड़े, वार्ड 15 में कुल मतदाता 764 है जिसमे से 681 मत पड़े हैं।

## केरल गए परिवार के मकान का ताला टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

परिवार समेत केरल गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 305 (ए) 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि क्वाटर नंबर बी-3 द्वारिकापुरी पोटियाकला पुलगांव निवासी ज्योति जगन्नाथ परिवार समेत 4 फरवरी को मकान में ताला जड़कर अपने गृह ग्राम केरल गए हुए थे।

6 फरवरी को पडोसियों ने मोबाईल पर सूचना दिया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान के पीछे का भी दरवाजा खुला हुआ है। अपने भाई अनिल कुमार को फोन पर जानकारी दिया।

भाई मकान को देखने पहुंचा जहां सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। 9 फरवरी को वापस आने के बाद सामान चेक करने पर सोना चांदी के जेवरात, 20 हजार का कैमरा , एक तोला सोने का जेवरात 30 हजार रुपए, बाली एक जोडी 14 हजार औरह नगदी रकम 6 हजार रुपए गायब मिले। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराया गया।

# तुलसी पूजा से प्राप्त होती है श्रीहरि कृपा : पं. पवन तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- वार्ड 34 में हवन-भंडारे के साथ देवी भागवत का समापन
- नगरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए यज्ञ में डाली आहुति

वार्ड 34 गांधी चौक में देवी भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यासपीठ पं. पवन तिवारी ने तुलसी विवाह व उसका महत्व बताते हुए कहा कि तुलसी स्वर्ग और पृथ्वी का द्वार है। जो भी मनुष्य शालिग्राम रूप के साथ तुलसी का विवाह करता है उसको लोक-परलोक में विपुल यश प्राप्त होता है। जल के साथ तुलसी सेवन अमृत और स्नान से महाकुंभ स्नान का फल मिलता है। श्रद्धालुओं ने नगरवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए यज्ञ में आहुति डाली और भंडारे में हजारों लोगों ने महाप्रसादी का लाभ उठाया। नवमें दिन तुलसी विवाह, यज्ञ हवन और भंडारे के बाद कथा का समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में साहू परिवार के दम्मूराम साहू, श्याम कुमार, राजेश, संजय, उषा, गंगा, गायत्री, प्रेमकिशन, सोनू-मोनू, दूज साहू व मां दुर्गा मंदिर समिति की ओर से शीला साहू, प्रीति गुप्ता,, राजेश चौधरी, लॉरेंस गुप्ता, शिल्पी सिंह आदि का सहयोग रहा। आयोजन समिति ने मीडिया सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालों का आभार जताया।



# एक वर्ष से रूका है लोक कलाकारों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ के हजारों लोक कलाकारों की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देने के बावजूद पिछले एक वर्ष से भुगतान के लिए छतीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के चक्कर काटने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। उक्ताशय का आरोप छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष कबीर भजन गायक गीतकार संगीतकार आकाशवाणी दूरदर्शन एवं फिल्म कलाकार नवलदास मानिकपुरी ने लगाया है। उन्होंने ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दल को प्रदेश के विभिन्न गांवों में कार्यक्रम प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया था। कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद सभी दस्तावेज मय फोटोग्राफ्स जमा करा दिया गया है। उसके बावजूद आज एक वर्ष बाद भी कलाकारों को अपना पारिश्रमिक के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मानिकपुरी ने कहा कि कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागी कलाकारों का भुगतान करने के लिए कर्ज लेना पड़ता है और गरीब कला दल संचालक एक वर्ष तक ब्याज देने के लिए मजबूर होता है। प्रदेश अध्यक्ष मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री साय की घोषणा प्रत्येक कला दलों को वर्ष में चौबीस कार्यक्रम देने का स्वागत किया। वहीं कहा कि यदि साल भर के बाद भी भुगतान नहीं किए जाने से हम कलाकारों का जीवनस्तर बद से बदतर होता है तो कलाकारों को शासन द्वारा भुगतान नहीं किया जाता तो कार्यक्रम न दिया जाय।

### उरला में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**ननकट्ठी।** श्री साईं सेवा समिति, श्री साईं महिला मंडली के तत्वावधान में श्री साईं मंदिर साईं नगर उरला दुर्ग में 6 फरवरी से 14 फरवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 11 फरवरी को पूतना वध, बाल लीला, दही लूट, गोवर्धन पूजा किया गया और 12 फरवरी को महाराज कंश वध, रुक्मणी विवाह, 13 फरवरी को सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, परीक्षित मोक्ष, भागवत उपसंहार एवं 14 फरवरी को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन एवं भोग भंडारा होगा।

# अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग के उत्थान की प्रेरणा देता हैः विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई




- पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उतई भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। विधायक चंद्राकर ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडित दीनदयाल की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, पार्षद सविता धवस, नवीन ममता सिन्हा, रमा साहू, गजेंद्री कोठारी, विक्की चंद्राकर,अनुपमा गोस्वामी संध्या वर्मा राजेश्वरी पसीने, पूनम सपहा, ममता चंद्राकर, रंजना चंद्राकर एकता चंद्राकर, महिला मोर्चा महामंत्री कंचन सिंह, शोभना दीदी, सुरभि किरणबेर ,सुरुचि किरणबेर , विधि यादव, केशव महिपाल, बृजमोहन साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम वर्मा, गोविन्द साहू, उतई नगर पंचायत चुनाव संचालन प्रभारी मनोज सोनी चुनाव संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, रिसाली मंडल अध्यक्ष व चुनाव सह संचालक एकनाथ अनुपम साहू, चुनाव सह संचालक चेतन साहू जिला मंत्री रोहित साहू,उतई मंडल ने अध्यक्ष शीतला ठाकुर पार्षद विधि यादव पार्षद मनीष यादव, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चंदू देवांगन, रूपेश प्रवीण यदु, ममता चंद्राकर जी, विमला कामड़े, रंजना चंद्राकर, शीतला , हिमांशु साहू, सुनीता चंद्राकर, राधा धीवर, एकता चंद्राकर, चेतन लाल साहू, चन्द कुमार साहू, दीपक बृजमोहन चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, वैभव देवांगन आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# सीएमए इंटर में 64 और फाईनल में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणामः एबीएस फाउंडेशन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी कामर्स संस्था एबीएस फाउंडेशन में सीएमए इंटर व फाईनल का परीक्षा परिणाम आया जिसमे संस्था से इन्टर के 64% छात्र परीक्षा पास कर सबको गौरवान्वित किये जिनके नाम तुषा देवांगन, सिद्धार्थ जैन, दमनवीर, तेजस देवांगन, दुर्लभ हिरवानी, शिखा अग्रवाल, कशिश कृशनानी, अंकिता भालेकर, पारस जैन, वीना देवांगन, अखिलेश साहू, प्रिया, मंजुलता देवांगन, यश सुराना, यश गुप्ता, रौनक तम्बोली, मनीष कुमार, शुभ्रांशु शेखर, श्रेयशी गुप्ता, प्रज्ञा सिंह, शिम्पी नायक, अक्षत राजपूत। इसी तरह फाईनल में 100% छात्र परीक्षा पास कर संस्था का नाम रोशन किये जिनके नाम हर्ष सिंह, राहुल गौतम, इशिका जायसवाल, आस्था सोनी है। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक राय ने बताया कि जून 2024 में श्याम साहू व अंकित पाण्डेय ने पूरे भारत में एआईआर 15वां रैंक व छत्तीसगढ़ में पहला स्थान लाये इसी क्रम में जून 2023 के परीक्षा में फरहान ने टैक्स में 94 अंक लाकर पूरे भारत में पहला स्थान प्राप्त किया तथा दिसम्बर 2023 के परीक्षा में भूमिका दलाल ने एआईआर 43वां स्थान प्राप्त की थी। इन छात्रो के सफलता के पीछे बच्चो की कड़ी मेहनत अभिभावकों का सपोर्ट शिक्षको की कड़ी मेहनत रेगुलर टेस्ट, रिवीजन तथा टेस्ट सीरिज रहा है। सीएमए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रो को बहुत-बहुत बधाई। अभी संस्था में मध्य प्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों से भी छात्र सीए/सीएमए/सीएस की तैयारी करने आ रहे हैं। संस्था के द्वारा ऑनलाइन, ऑफलाइन, ऑनलाइन रिकार्डेड की क्लासेस प्रवाइड की जा रही है। संस्था में अनुभवी शिक्षको की एक सशक्त टीम है जो छात्रों को प्रशिक्षित कर उन्हें गाईडेंस प्रदान करती है, जिनके नाम सीए भूषण चिपड़े, सीए अंकेश सिन्हा, सीए रजत अग्रवाल, सीएस, सीएमए देवाशीष गोस्वामी, सीएस जमशेद खान, सीए आकाश जसवानी, सीएमए युवराज पिपरिया, फिजा मैम पारस पटेल, आशीष राय प्रमुख रूप से हैं। संस्था में सीए/सीएमए /सीएसईईटी/ 11 वीं/ 12वीं की कक्षाये ली जाती है जिनके लिए नए सत्र हेतु कक्षायें प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी 141, न्यू सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग संस्था से ली जा सकती है।

## दिल्ली की जीत मोदी की गारंटी का नतीजा



**भिलाई।** भिलाई कैन्डू फाउंडेशन के चेयरपर्सन अतुल पर्वत ने दिल्ली में भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को दिया है। अतुल ने कहा कि दिल्ली की जीत मोदी की गारंटी पर जनता की मुहर है।

गारंटी की वजह से जनता ने केजरीवाल सरकार को उखाड़ फेका। दिल्ली की जनता ने आपदा से मुक्ति पाई, मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई । छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक शराब से दौलत का सैलाब खड़ा करने वालों को दिल्ली की जनता ने शांति से साफ़ कर दिया। छल-कपट ज्यादा दिन तक नहीं चलता। अब दिल्ली में भी सुशासन और विकास होगा। भाजपा से ही दिल्ली की प्रगति संभव थीं। इसलिए जनता ने अपना मत भाजपा को दिया। यह जीत मोदी के नेतृत्व और विकास विजन व विश्वास की जीत है।

## धनोरा में माघी पुन्नी मेला आज

**अंडा।** धनोरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघी पुन्नी मेला लगेगा एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है जो कि 67 वर्ष से निरंतर चलते आ रहे हैं। श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति की ओर से हर साल माघी पुन्नी के दिन मेला मंडई एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते हैं।



## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार कार की चपेट में लोग बाल-बाल बचे

**भिलाई।** तेज रफ्तार एक कार तालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालाते हुए तीन अलग-अलग जगह ठोकर मारने का मामला सामने आया है। फिलहाल बड़ा हादसा नहीं हुआ है। आसपास के लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। मिली जानकारी के मुताबिक सफेद रंग की कार चालक तेज रफ्तार से कार चलाते हुए आवंती बाई चौक होते हुए सुपेला लक्ष्मी नगर मार्केट की ओर रहा था। इस दौरान शराब दुकान, शिव प्रसाद होटल के पास समेत अन्य जगहों पर आसपास खडे लोगों को ठोकते हुए बाल-बाल बच गया। हादसे में कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की शिकायत सुपेला पुलिस थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। कार कौन चला रहा था। किसका है। अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। समय रहते कार नहीं रुकती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा, एलडीसीपी विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विभाग, कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते को मजबूती प्रदान करने तथा उन्हें संयंत्र के उत्पादन गतिविधियों से परिचित कराने हेतु समय-समय पर "आप भी जानिये" कार्यक्रम का आयोजन करता है।

# रामनगर मुक्तिधाम के ठेका सफाई मजदूरों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन

## दिवंगतों को सद्गति दिलाने वाले वेतन के लिए तरसे, कमिश्नर और मेयर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मुक्तिधाम में काम करने वाले सेवाभावी कर्मियों की दिवंगतों को बतौर अंतिम संस्कार सद्गति दिलाने में अहम योगदान होता है। लेकिन शहर के विकास और कल्याण का दावा करने वाले नगर निगम भिलाई और इसके जिम्मेदारों का इसका एहसास नहीं है। रामनगर मुक्तिधाम में काम करने वाले ठेका सफाई कर्मचारी वेतन के लिए तरस रहे हैं। इसकी न तो ठेकेदार को सुध है और न ही निगम के जिम्मेदार अधिकारी ही गंभीर हैं। रामनगर मुक्तिधाम में नगर निगम के पंद्रह ठेका सफाई ठेका मजदूर काम करते हैं। सफाई कर्मियों ने बताया कि पिछले तीन महीने से ठेकेदार संजय उपाध्याय ने वेतन का भुगतान नहीं किया है। वेतन मांगने पर ठेकेदार कहता है कि नगर निगम से ही पैसा नहीं मिल है तो फिर मैं कहां से तुम लोगों को तनख्वाह दूं। इसके पूर्व भी मुक्तिधाम के ठेका सफाई कर्मियों का दो दो तीन महीने का वेतन विलंब से मिला है। सफाई कर्मियों ने इसकी शिकायत कमिश्नर और मेयर से भी की लेकिन सभी हल्के में ले रहे हैं। तीन महीने का वेतन नही मिलने से घर चलाना मुश्किल हो रहा है। आर्थिक तंगी से राशन पानी और बच्चों की फीस तक नहीं दे पा रहे हैं। ठेका मजदूरों ने कमिश्नर व मेयर से जल्द लंबित वेतन दिलाने की गुहार की है।

### लकड़ियों से सजाते हैं चिता

राम नगर मुक्तिधाम में ठेका सफाई कर्मी पूरे परिसर की रोज सफाई करते हैं। इनका सबसे अहम काम शवदाह स्थलों पर दिवंगतों के शवों की चिता सजाना होता है। मूसलाधार बारिश हो या फिर कड़कड़ती ठंडा या भीषण गर्मी तीन से पांच क्विंटल लकड़ियां उठा उठाकर चिता पर सजाते हैं। फिर बांस आदि की काठी और कपड़ों आदि कचर को साफ करते हैं। सुबह से शाम तक इस श्रमसाध्य पुण्यकाम में जुटे रहते हैं।

# बीएसपी के प्रतिनिधियों ने जीता चेयरमैन ट्रॉफी

### डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का अंतिम परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल में सुरक्षा संस्कृति में परिवर्तन-आगे की राह" विषय पर आयोजित (डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स) युवा प्रबंधकों के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी का अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। प्रतियोगिता में बीएसपी के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन ट्रॉफी जीतकर सेल स्तरीय प्रतियोगिता "सीटीवाईएम के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। विजेता टीम अब सेल स्तरीय "चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बीएसपी का प्रतिनिधित्व करेगी। सेल स्तरीय प्रतियोगिता एमटीआई, रांची में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने अपने पेपर प्रस्तुत किए, जिनमें से 14 टीमों ने 1 और 2 फरवरी को चयन समिति के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी। चयन समिति में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, अध्यक्ष के रूप में शामिल थे। इसके अतिरिक्त, समिति में सदस्य के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (पावर फैसिलिटी) राजीव पांडेय और चेयर प्रोफेसर (सुरक्षा अभियांत्रिकी और विश्लेषण, आईआईटी खड़गपुर) डॉ. ओ बी कृष्णा सहित मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी समन्वयक के रूप में उपस्थित थे।

## सेल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित



### प्रथम विजेता को मिलेंगे 15 हजार

डायरेक्टर इन-चार्ज ट्रॉफी के तहत विजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, साथ ही उन्हें युवा प्रबंधकों के लिए डायरेक्टर इन-चार्ज ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रथम उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार और रनर अप ट्रॉफी दी जाएगी। द्वितीय उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### यह रहे विजेता

इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शीर्ष 3 स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का चयन किया गया। विजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक स्वाति प्रदीप, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे और सहायक प्रबंधक स्टीविन जॉर्ज शामिल हैं। इस टीम (टी-6) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रथम उपविजेता टीम में भी कई प्रतिभाशाली सदस्य शामिल थे। इस टीम में वरिष्ठ प्रबंधक पी संतोष कुमार वरिष्ठ प्रबंधक अनु पी और प्रबंधक सौरभ कुमार पटेल शामिल हैं। इस टीम (टी-10) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।द्वितीय उपविजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक राखी तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक राजुल कुमार पाण्डेय और वरिष्ठ प्रबंधक श्वेत कुमार मिश्रा शामिल हैं। इस टीम (टी-11) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## गूगल मैप में होटल के रिव्यू का झांसा

# युवती से 29.21 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गूगल मैप में होटल का रिव्यू देकर लाभ कमाने का झांसा देकर खाते से 29 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञाद मोबाइल धारकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 350/42 ईस्ट पंचशील नगर हरि नगर चरोदा निवासी चित्ररेखा सोरी नामक 24 वर्ष की युवती को अज्ञात मोबाइल धारकों ने पहले वाट्सअप पर एक लिंक भेजा था। उस लिंक को युवती ने ओपन किया तो उसमें होटल को गूगल मैप पर रिव्यू करने पर 200 रुपए मिलने का लालच दिखाया। लालच में आकर युवती ने रिव्यू किया उसके खाते में 200 रुपए भी आ गए। फिर दोबारा युवती ने रुपए कमाने के चक्कर में लिंक को लगातार ओपन कर रिव्यू देती रही। फिर युवती का ओटीपी मांगकर अज्ञात मोबाइल धारकों ने 3 से 6 फरवरी के मध्य खाते से 29 लाख 21 हजार 107.20 रुपए का ठगी किया। जब युवती ने खाते को चेक किया तो रुपए सब गायब मिले। परेशान होने के बाद युवती ने घटना की शिकायत पुलिस में किया है। आरोपियों ने फिर क्रिप्टो करेंसी का झांसा देकर एकाउंट बनाने को कहा लेकिन युवती के खाते में रकम नहीं था।

- युवती एमए अंग्रेजी में पढ़ाई की है
- कर रही है प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

### रकम होल्ड करने में साइबर टीम जुटी

युवती के साथ हुए 29 .21 हजार 107 रुपए के ठगी मामले में शिकायत के बाद साइबर की टीम रकम को होल्ड करने का प्रयास में लगी हुई है।फिलहाल होल्ड को लेकर कोई भी अपडेट अभी सामने नहीं आया है। इसके अलावा जिस मोबाइल नंबर से लिंक पीड़िता को भेजा गया था।उक्त नंबरों को पुलिस ट्रेस करने में जुटी हुई है।

# निगम के कर्मचारियों पर कसी नकेल फोटोग्राफ लोकेशन करेंगे शेयर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम अपने अधिकारियों व कर्मचारियों पर नकेल डालने जा रही है। कार्य स्थल से रोजाना अधिकारी हो या फिर कर्मचारी भ्रमण का फोटोग्राफ लोकेशन के साथ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें। सभी कार्यो में निरंतरता लाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन किसी भी जोन में जाकर निरीक्षण हेतु भ्रमण कर रहे है। संबंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे है। प्राप्त आदेशानुसार फिल्ड के सभी अधिकारी व कर्मचारी जो भी उनको दायित्व मिला है। अपने कार्य के क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। निरीक्षण के दौरान लोकेशन के साथ फोटोग्राफ भी डालेगे। क्या कार्य हो रहा है, कितना प्रगति हुआ है, समय सीमा के अंदर है, या बाहर, गुणवत्ता इत्यादि के बारे में सभी कार्यो का प्रगति के साथ गुगलशीट में अपलोड करेगें।

- कार्य स्थल पर मौजूदगी की सख्त मॉनिटरिंग

### एजेंसी के कार्यों की होगी समीक्षा

आयुक्त पाण्डेय द्वारा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक लिया जाता है। जिसमें सभी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की जायेगी। सभी अधिकारी कर्मचारी जब फिल्ड में रहेगे, तो संबंधित एजेंसी भी अच्छे से कार्य करेगी। एक सकारात्मक दबाव रहेगा । प्रमुख रूप से साफ-सफाई, निर्माण, उद्यान, परियोजना, जल वितरण, संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, आदि से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के साथ कार्य करते हुए प्रतिदिन का फोटोग्राफ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें।

### ये होंगे शामिल

इसमें चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, सभी अभियंतागण, शहरी अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, मोर संगवारी, आयुष्मान कार्ड, भवन अनुज्ञा, वाहन शाखा, अवैध निर्माण, उद्यान, शहरी अजीविका मिशन के मिशन मैनेजर, सी.ओ., तोड़फोड़, आवारा पशु पकड़ने वाले इत्यादि अन्य कार्यो के लिए प्राप्त निर्देशानुसार शामिल रहेगे।

# पोलिंग आफिसर ने किए फर्जी हस्ताक्षर निर्दलीय प्रत्याशी नीता ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




नगर निगम दुर्ग के चुनाव के दौरान दोपहर सिद्धार्थनगर में वार्ड नंबर 31 के मतदान क्रमांक 126 में उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब निर्दलीय प्रत्याशी ने पोलिंग आफीसर द्वारा कुछ मतदाताओं के फर्जी दस्तखत करने पर विरोध जताया। विरोध और हंगामा के बाद निर्दलीय प्रत्याशी नीता जैन ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मामले की शिकायत की है। सुश्री जैन ने शिकायत में बताया है कि सिद्धार्थनगर वार्ड 31 के बूथ क्रमांक 126 (सरदार पटेल स्कूल) में पोलिंग आफीसर -1 शिव नारायण पटेल ने मतदाताओं के फर्जी हस्तारक्ष कर मतदान कराया। इसका मौके पर विरोध करने पर उन्होंने गलती हो गई कहकर माफी भी मांगी। इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई है। पांचवीं बार पार्षद का चुनाव लड़ रहीं जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने बताया कि शिकायत में उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर किए जाने के मामले की जांच कर तत्काल जुर्म दर्ज किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब मैं अधिवक्ता हूं और मेरे साथ जब ऐसी फर्जीवाड़ा हो सकता है तो फिर आम प्रत्याशी का क्या होगा।

- घटना की जानकारी बाद मचा हंगामा, जिला निर्वाचन अधिकारी से कार्रवाई की मांग

# जेएलएन हॉस्पिटल में जेरिएट्रिक ओपीडी शुरू, मिलेगी मरीजों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9 में वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित जेरिएट्रिक आउटपेशेंट विभाग (ओपीडी) का उद्घाटन किया गया। जेरिएट्रिक ओपीडी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वृद्ध नागरिकों के विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष क्लिनिकल परामर्श प्रदान करेगा। ओपीडी नियमित स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, मनोभ्रंश जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन और पोषण संबंधी परामर्श जैसी स्वास्थ्य सेवाओं की एक व्यापक सुविधाएँ प्रदान करेगा। एसीएमओ डॉ. दीप्ता प्रदीप सरकार, जो कि जेरिएट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित जेरिएट्रिक केयर गिवर हैं, इससे सम्बंधित विभिन्न परामर्श सेवाओं का नेतृत्व करेंगी। डॉ. सरकार सप्ताह में दो बार, मंगलवार और गुरुवार को, सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ओपीडी ब्लॉक के कमरा नंबर 1 ए में परामर्श प्रदान करेंगी।

- वरिष्ठ नागरिकों को मिलेंगी सुविधाएं

### बीएकेएस की आम सभा 23 को, इंजी.भवन में आयोजित होगी आमसभा

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आमसभा 23 फरवरी को आयोजित हो रही है। उक्त आमसभा में यूनियन की साल भर की गतिविधियों को सदस्यों के साथ साझा किया जायेगा। यूनियन के आय व्यय के लेखा जोखा को भी जारी किया जायेगा। वर्तमान में सेल प्रबंधन के तानाशाही रवैये , पुराने यूनियनो के वर्षो से मठाधिश नेताओं के क्रियाकलापो से बीएसपी कर्मचारी काफी निराश है, बीएकेएस द्वारा लगातार मुद्दो को लिखित रुप से उठाने, सरकार, मंत्रालय के संज्ञान में लाने तथा अंत में न्यायालय की शरण में जाने पर सभी कर्मचारी बीएकेएस को आशाभरी नजरो से देख रहे है। उसी कड़ी में कर्मचारियों के साथ, आमसभा के माध्यम से यूनियन ने संवाद परिचर्चा का आयोजन किया है। बीएकेएस अध्यक्ष अमर सिंह व नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि यह सिर्फ आमसभा नहीं है बल्कि हमारे विभिन्न मुद्दों को हल कराने के लिए प्रतिशोध सभा है। नेताओं और निरंकुश मैनेजमेंट को संदेश देने के लिए ही आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। कर्मचारियों के मांगों को पूरा कराना बीएकेएस का अंतिम लक्ष्य है। यूनियन मैनेजमेंट से लेकर, इस्पात मंत्रालय, पार्लियामेंट्री कमेटी से लेकर न्यायालय तक के सामने कर्मचारियों के मुद्दो को उठाने में पीछे नहीं है।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## जिले में जमकर चल रहा है कारोबार, खाद्य विभाग ने नहीं की कार्रवाई

# राशन दुकान से रात में पीडीएस चावल हो रहा है पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार क्षेत्र के राशन दुकानों में पीडीएस चावल की तस्करी बेखौफ तरीके से जारी है। अब तस्कर रात के अंधेरे में तस्करी करना शुरु कर दिया है। इन तस्करों को छुटभैया बंटी गाइड लाइन कर रहा है।

इसके कारण गरीबों को मिलने वाला पीडीएस चावल लोगों से दूर होता जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक खुर्सीपार का त्रिदेवी रात के अंधेरे में पीडीएस का काम बेखौफ तरीके से करना शुरु कर दिया है। इसके साथ कई राशन दुकान के संचालक भी शामिल है। इनके पूरी तरह से संरक्षण देने वाले छुटभैया बंटी है। इसी के इशारे में त्रिदेवी समेत उसके लोग पीडीएस तस्करी करते रात के अंधेरे में दिखाई देते है। एक समय में बंटी की हालत ऐसी थी की आसपास कोई भटकता भी नहीं था लेकिन वर्ष 2003 में पीडीएस चावल के कारोबार में कूदने के बाद अपना अलग

### कैंप का बड़ा कोचिया भी सक्रिय, राइस मिलों में खपता है चावल


चरोदा, खुर्सीपार, कैम्प, जामुल में बेखौफ कारोबार
पीडीएस चावल की तस्करी जिले के लिए बना नासूर

गुट बनाकर चावल तस्करी कराया करता है। बंटी छुटभैया होते हुए ही निगम में भी अब काम लेने लगा है। गरीबों के चॉवल की खुर्सीपार में तस्करी इस कदर बढ़ गई है कि राशन दुकान के संचालको से राशनकार्ड धारी राशन लेने पहुंचते है। लेकिन उन्हें राशन तक नहीं मिल पाता है। बंटी और त्रिदेवी पर निकाय चुनाव होते ही गाज गिरने वाली है। इनकी संपत्ति से लेकर राशन दुकानों की जानकारी प्रशासन द्वारा खंगाला जा सकता है। सीएमओ से छुटभैया बंटी और त्रिवेदी की शिकायत भी हो चुकी है। बकायदा दुर्ग के खाद्य विभाग समेत उक्त दोनों का फाइल तैयार हो रहा है। चरोदा का राशन दुकानों से चॉवल की तस्करी जी केबिन का सानू करता है।

### जल्द होगी कार्रवाई

तस्करों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर कार्रवाई किया जाएगा। निकाय चुनाव निपटते ही होगी बड़ी कार्रवाई होगी। किन-किन राशन दुकानों से ऐसा किया जा रहा है। जानकारी भी जुटाई जा रही है।

-**टीएस अतरी,** खाद्य अधिकारी दुर्ग

### 80 लाख रुपए का फर्जीवाडा करने वाला भी कैम्प में सक्रिय

जानकारी के मुताबिक दो साल पहले ही 80 लाख रुपए का राशन फर्जीवाडा हुआ था। इस फर्जीवाडे में खाद्य विभाग के अफसर पर भी गाज गिरी थी। शुभम उर्फ कारु समेत चार के खिलाफ पुलिस ने धारा 419, 420, 467, 468, 471, 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। लेकिन शुभम कारु पीडीएस तस्करी का काम इससे छुट नहीं रहा है। कारु कैम्प क्षेत्र का बड़ा कारोबार फैला रखा है। इसके टीम में नवीन सिंग, सूरज कुमार साव भी है। जो पीडीएस चॉवल की तस्करी बैखौफ तरीके से करते आ रहे है। लेकिन इन पर मेहरबानी खाद्य विभाग की बराबर बनी हुई है। इसके अलावा काके, निक्की, श्रीपाल,संजय,काला चंदन, दुर्ग अजय, अक्षय और दलाल नीरज, ज्ञानू पीडीएस चॉवल तस्करी कराते है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025



Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129



04 मैक्सिको का फैशन




## लाइव इवेंट

### छत्तीसगढ़ आंत्रप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप समिट 28 फरवरी से 1 मार्च तक



**भिलाई।** आंत्रप्रेन्योर्स का सबसे पंसदीदा शो शॉर्क टैंक इंडिया में जिस तरह स्टार्टअप आइडिया पेश किए जाते हैं। आइडिया को परखकर इनवेस्टर्स कुछ एक्विटी के बदल स्टार्टअप को फंड जारी करते हैं, ठीक वैसा ही माहौल भिलाई में बनने जा रहा है। भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया के साथ स्टार्टअप छत्तीसगढ़ के सहयोग से रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज भिलाई में छत्तीसगढ़ आंत्रप्रेन्योर एंड स्टार्टअप समिट (चैस) कार्यक्रम 28 फरवरी से एक मार्च तक होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री व पूर्व आईएएस ओपी चौधरी रहेंगे। इसी तरह देश के मशहूर स्टार्टअप इकोसिस्टम प्लेटफार्म योर स्टोरी की फाउंडर एंड सीईओ श्रद्धा शर्मा विशेष अतिथि होंगी। यदि आपके पास भी स्टार्टअप का कोई बढ़िया आइडिया है तो 18 फरवरी तक rubistartups.com पर पंजीयन करा सकते है। इस मंच पर देश के नामी इनवेस्टर्स को आपका स्टार्टअप आइडिया पंसद आते ही 10 लाख से लेकर 10 करोड़ तक का सीड फंड का चेक आपको तुंरत मिल जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ के 1087 छोटे-बड़े आंत्रप्रेन्योर अब तक पंजीयन करा चुके हैं।

- रूंगटा आर-1 कैंपस में शार्क टैंक छत्तीसगढ़, मंत्री ओपी चौधी होंगे मुख्य अतिथि

#### क्या होगा चैस में खास

रूंगटा आर-1 ग्रुप के बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (रूबी) के सीईओ जी. वेणुगोपाल ने बताया कि, स्टार्टअप समिट अपकमिंग आंत्रप्रेन्योर्स के लिए लाइफ चेंजिंग साबित होगी। दो दिनों में आंत्रप्रेन्योर्स अपने स्टार्टअप आइडिया को इनवेस्टर्स के सामने पिच कर सकेंगे। स्टार्टअप को आगे बढ़ाने डैट की शक्ल में फंड जारी किया जा सकेगा। इस समिट के दूसरे दिन नॉलेज शेयरिंग सेशन होंगे, जिसमें देश की नामी कंपनी के फाउंडर्स आंत्रप्रेन्योर्स को बताएंगे कि वे कैसे अपने आइडिया को देश और दुनिया तक पहुंचा सकते हैं। टेक्नोलॉजी के सहारे स्टार्टअप की ग्रोथ बढ़ाने का रास्ता बताएंगे। समिट के आखिरी दिन सोशल प्रॉब्लम का समाधान बताते हुए स्टार्टअप की शुरुआत करने वाले आंत्रप्रेन्योर्स को सम्मानित किया जाएगा। महिला आंत्रप्रेन्योर्स, स्टूडेंट्स को भी उनके स्टार्टअप आइडिया के लिए अवॉर्ड दिए जाएंगे। पिछले साल हुए इस कार्यक्रम में रायपुर के एक स्टार्टअप को 2 करोड रुपए की फंड जारी किया गया था।

## सिटी इवेंट

### पुरानी चीजों के लिए संग्रहालय बनाने निर्णय, 50 साल से ज्यादा पुराने सामान रखे



**भिलाई।** 50 साल से अधिक पुराने सामानों को सुरक्षित रखने के लिए संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। इसमें रेडियो जैसे कई उपकरण सहेजकर रखे जाएंगे। संग्रहालय के लिए भेंट की पुराना रेडियो वर्तमान के बढ़ते आधुनिकीकरण और दूरसंचार के नवीनतम्‍संसाधनों के विकास के साथ ही लोगों में 40 से 50 वर्ष पूर्व खरीदे गए सूचना संचार, घरेलू उपयोगी बर्तन, लकड़ी के फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को तेजी से बदला जा रहा है। लोगों के मानसिक बदलाव के चलते अपने बुजुर्गों, पुरखों द्वारा श्रम से धन अर्जित कर ऐसी वस्तुओं को घरेलू उपयोग एवं सुख-सुविधाओं के लिए जुटाया गया था, पर वर्तमान में हल्की और कम कीमत की सामग्रियों को अपने घरों में स्थान देने की सोच ने प्राचीन, दुर्लभ व कलात्मक वस्तुओं को घर के बाहर और कबाड़ में बेचने; यहां तक कूड़े-करकट में फेंकने की प्रवृत्ति जाग गई है। ऐसे में दुर्लभ सामग्रियों को एक जगह एकत्र कर आने वाली पीढ़ी को उनकी कलात्मकता, सुंदरता,उपयोगिता और उस वस्तु की कार्य से परिचित कराने के लिए संग्रहालय विकास की योजना बनाई गई है। नवाचारी प्रधान पाठक व जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने इस दिशा में 20 वर्ष पूर्व से ही कार्य प्रारंभ कर बेहद दुर्लभ और कलात्मक सामग्रियों को संग्रहित किया है। इसमें मणीकांचन केंद्र दादर-चरोदा बस्ती की सुपरवाइजर नूतन कुंजाम, गीता पाटिल, कांति जांगड़े, सुनीति वर्मा, मीना पाटिल, मानबाई भारती, राम बाई पाटिल, अनुसुइया कोसर, मीनू लहरे, रेखा जांगड़े, मेहतरीन पठारी, पद्मिनी पटेल, उषा वर्मा, दिलेश्वरी पाटिल, मंजू साहू, देवराज सोना विष्णु चेलक ने पुराने समय में प्रचलित मरफी कंपनी का रेडियो संग्रहालय हेतु भेंट की।

### पुण्यतिथि पर 13 को गौशाला में सेवाकार्य



**भिलाई।** समाजसेवी पन्नालाल बाकलीवाल की 42 वीं पुण्यतिथि पर 13 फरवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाज के लोग जुटेंगे। इससे पहले समाज के लोग गौशाला छातागढ़ मोहलाई पहुंचेंगे। जहां मवेशियों को गुड़-रोटी, सब्जियां और हरी घांस खिलाने के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। पुण्यतिथि पर कार्यक्रम मंगल चंद बलदेव भुरामल बाकलीवाल परिवार और सुयश सुरेश परिवार की ओर से आयोजित है। 13 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे श्री कृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र छातागढ़ में कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस अवसर जैन समाज के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

● कुरुद बस्ती में देवांगन पुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन, कलश यात्रा से शुरुआत

# मां परमेश्वरी के धरती पर अवतरण, आदिपुरुष दीपचंद और आदिमाता हरणि के जन्म का सुनाया वृतांत, चारों युगों की वंश वृद्धि भी बताई

कुरुद बस्ती कोहका में इन दिनों देवांगन पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर पं. संतोष राव ने कहा कि देवांगन पुराण देवांगन समाज का आदि ग्रंथ है एवं पूज्यनीय है। देवांगन पुराण में समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी का धरती पर अवतरण, आदिपुरुष दीपचंद व आदिमाता हरणि के जन्म का वृतांत तथा चारों युग में उनकी वंश वृद्धि एवं गोत्रों की उत्पत्ति का वर्णन है। इसलिए यह देवांगन समाज के लिए एक अहम ग्रंथ हैं, इसके बारे में हर किसी को जानकारी होना आवश्यक है। इसमें वर्ण व्यवस्था से लेकर अन्य जरूरी इतिहास वर्णित हैं।



**भिलाई।** कुरूद मंडल एवं दुर्ग ग्रामीण ब्लाक देवांगन समाज के तत्वावधान में 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय ईष्ट देवी मां परमेश्वरी की यश गाथा देवांगन पुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ लीला मंच कुरूद बस्ती में हुआ। पहले ही दिन कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक पं. संतोष राव गांगुली ने विधिवत पूजा अर्चना कर विधि विधान से कथा स्थल पर माता परमेश्वरी की मूर्ति स्थापना, घट पूजा, दीप प्रज्वलन आदि के पश्चात देवांगन पुराण की कथा-प्रवचन आरंभ किया। देवांगन पुराण की महिमा का वर्णन करते हुए पं. संतोष राव ने कहा कि देवांगन पुराण देवांगन समाज का आदि ग्रंथ है। इसमें देवांगन समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी का धरती पर अवतरण एवं देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद व आदि माता हरणि के जन्म का वृत्तांत तथा चारों युग सतयुग, द्वापर, त्रेता एवं कलयुग में उनकी वंश वृद्धि एवं गोत्रों की उत्पत्ति का विस्तार से वर्णन किया गया है। यह पुराण देवांगन समाज के लिए पवित्र एवं पूज्यनीय है।

देवांगन पुराण महायज्ञ के प्रथम दिन महिला सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### नगर भ्रमण को निकली कलश यात्रा, जगह-जगह स्वागत



महिलाओं ने शानदार कलश शोभा यात्रा निकाली, जो कुरूद बस्ती के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। सुंदर सजे हुए रथ पर पं संतोष राव गांगुली सवार थे। कलश यात्रा में शामिल लोग जस गीत एवं माता सेवा भजन गाते हुए मां की जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। देवांगन पुराण कथा यज्ञ के पहले दिन <\\>/”देवांगन पुराण<\\>/” की महत्ता, कथा का परिचय, मूर्ति स्थापना, दीप प्रज्वलन , महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। दूसरे दिन देवांगन समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी का धरती पर अवतरण, सृष्टि उत्पत्ति, तीसरे दिन देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद का जन्म एवं माता हरणि के साथ विवाह का प्रसंग कथा, चौथे दिन वस्त्र निर्माण एवं महिषासुर वध कथा, पांचवें दिन कलिकाल में विभिन्न गोत्रों की उत्पत्ति कथा, छठवें दिन बड़की, मंझली एवं छोटकी माता जन्म कथा, पीढ़ी पूजा एवं यज्ञ की कथा तथा सातवें दिन हवन, सहस्त्र धारा, कुंवारी भोज, महाआरती, देवी मूर्ति विसर्जन एवं भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। भजन एवं गीत संगीत से सजे देवांगन पुराण कथा में श्रद्धालु आनंद से झूमते नजर आ रहे हैं।

### कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के मध्य होगी, मंगलवार से शुरुआत

आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। पहले दिन आयोजन में भूषण लाल देवांगन, दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद देवांगन, शंकरलाल देवांगन, जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कैम्प मंडल अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष धनुष राम देवांगन, सचिव अनिल देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, कुरूद मंडल अध्यक्ष श्रीराम देवांगन, सचिव अश्विनी देवांगन, इतवारी देवांगन, कोहका मंडल अध्यक्ष तारा देवांगन, भिलाई 3 सचिव पूर्वेश देवांगन, दीपिका देवांगन आदि मौजूद थे।



# होम मेड प्रोडक्ट की लगाई प्रदर्शनी, मिली राशि से जरूरतमंदों की करेंगे मदद

**भिलाई।** सेवा कार्यों में और अधिक योगदान के लिये लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा हम तुम एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें होम मेड प्रोडक्ट के विभिन्न स्टाल से प्राप्त राशि जरुरतमंदों को दी जायेगी। लांयस क्लब भिलाई पिनाकल के तत्वावधान में गुरुद्वारा हॉल नेहरू नगर में प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के साथ-साथ फूड स्टॉल लगाए गए थे। क्लब की अध्यक्ष उर्मिला टावरी, सचिव रश्मि गेडाम ने बताया ने बताया कि प्रतिवर्ष यह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न स्टॉल लगाए जाते है और प्रदर्शनी से इकट्ठा हुई राशि से जरूरतमंदों की मदद की जाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चार्टर अध्यक्ष विभा भूटानी, पूर्व अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, सदस्य प्रिया रस्तोगी, शालिनी सोनी, शोभा जांम्बुलकर सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित थी।





# ऑटिज्म प्रभावित बच्चों को मिला स्टडी टेबल और ग्रीन मैट

**भिलाई।** सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने ऑटिज्म प्रभावित बच्चों के लिए आमदी नगर हुडको में संचालित गुरुकुल मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में बच्चों के साथ कुछ पल बिताया। फाउंडेशन की ओर से केंद्र को 10 स्टडी टेबल और ग्रीन मैट उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं बच्चों के साथ फाउंडेशन के सदस्यों व केंद्र के शिक्षकों ने स्वल्पाहार किया। यह उपहार पर्थ ऑस्ट्रेलिया में निवासरत भिलाईयंस मिलिंद शिलकर के सौजन्य से दिए गए। केंद्र के शिक्षकों सोनम सागर, नमिता जॉन, अभिषेक उपाध्याय और नीतू दास ने इन उपहारों के आभार जताया। शिक्षकों ने बताया कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के लिए ग्रीन मैट बहुत ज्यादा उपयोगी साबित होगा। इस दौरान जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लई, डॉ. हेमा कुलकर्णी, डॉ. ज्योति पिल्ले, अजीत सिंह और एस. गिरीश सहित अन्य उपस्थित थे। ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर एक न्यूरोलॉजिकल और विकासात्मक विकार है। यह लोगों के सोचने, सीखने, संवाद करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसे स्पेक्ट्रम विकार कहा जाता है, क्योंकि इसमें शामिल लोगों के लक्षणों में बहुत भिन्नता होती है।



### अक्षय पात्र सेक्टर-6 में हरे कृष्णा मूवमेंट ने मनाई नित्यानंद त्रयोदशी

# त्रयोदशी पर मना जन्मोत्सव, पश्चिम बंगाल के नबद्विप में भगवान कृष्ण जन्मे थे चैतन्य महाप्रभु और बलराम के रूप में नित्यानंद

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** सेक्टर-6 अक्षय पात्र प्रांगण में स्थित हरे कृष्णा मूवमेंट में नित्यानंद त्रयोदशी का आयोजन किया गया । श्री नित्यानंद त्रयोदशी भगवान नित्यानंद के आविर्भाव की पावन तिथि पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। परम भगवान स्वयं कृष्ण ने पश्चिम बंगाल स्थित नबद्वीप धाम में चैतन्य महाप्रभु के रूप में अवतरित होकर इस कलियुग में हरि-नाम संकीर्तन महायज्ञ का सूत्रपात किया। भगवान कृष्ण के इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु स्वयं बलराम ने नित्यानंद प्रभु के रूप में जन्म लिया। श्री नित्यानंद प्रभु ने भगवान्‍के पवित्र नाम को बंगाल के प्रत्येक गांव में जाकर प्रचार किया। नित्यानंद प्रभु का आविर्भाव एकचक्र नामक गांव ( बीरभूम पश्चिम बंगाल ) में पद्मावती एवं हड़ै पंडित के पुत्र के रूप में सन 1474 में हुआ। उनका जन्म माघ महीना में शुक्ल पक्ष के तेरहवें दिन हुआ। आज भी भक्त गण नित्यानंद प्रभु के दिव्य अनुकम्पा की आस में उनकी जन्मभूमि की यात्रा करते हैं।



### चैतन्य महाप्रभु की शरण के लिए नित्यानंद का आशीर्वाद जरूरी

वैष्णव आचार्य ने बताया कि नित्यानंद प्रभु भगवान्‍ चैतन्य महाप्रभु के शाश्वत अनुयायी हैं। वैष्णव भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु की शरण के लिए नित्यानंद प्रभु का आशीर्वाद आवश्यक है। अतएव जो जीवात्मा वास्तव में महाप्रभु की शरण प्राप्त करना चाहते हैं, उनका प्रथम लक्ष्य नित्यानंद प्रभु को आदिगुरु के रूप में स्वीकारना होगा। इस पावन अवसर पर भगवान के विग्रहों का भव्य अभिषेक किया गया। भव्य अभिषेक में विग्रहों को इत्र एवं अन्य सुगन्धित तरल से स्नान करने के पश्चात चन्दन का लेप लगाया गया। भगवान्‍ को चन्दन का लेप लगाने के बाद पुनः पंचगव्य (शहद, दूध, घी, दही और इत्र का मिश्रण ) से स्नान कराया गया। इसके बाद विग्रहों को सर्व-औषधय स्नान कराया गया।

### 108 कलशों के स्नान के साथ हुआ महाअभिषेक, पूरे दिन कार्यक्रम

मंदिर प्रांगण में पूरे दिन चले कार्यक्रम में भगवान के विग्रह को 108 कलशों से स्नान कराया गया। फल फल पुष्प स्नान कराया गया। इसके बाद भगवान चैतन्य महाप्रभु एवं नित्यानंद प्रभु की दिव्य पालकी उत्सव का प्रारम्भ हुई । महोत्सव के अंत में सभी भक्तगणों को भगवान का प्रसाद वितरण किया गया। भगवान श्री कृष्ण की सेवा में समर्पित हरे कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष व्योमपाद दास ने बताया कि सारे संस्कार विधि-विधान से संपन्न कराए गए। पूरे दिन भक्तों का रेला रहा। शाम के समय भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। विधि-विधान से भगवान की आरती उतारी गई।



## सिटी इवेंट

# शैक्षणिक दौरे में छात्रों को बताया सांस्कृतिक धरोहरों का महत्व



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा विशाखापट्टनम में एक शैक्षणिक औद्योगिक दौरे का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य स्नातकोत्तर के 45 विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरे में छात्रों को पर्यटन उद्योग, ऐतिहासिक स्थल और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में अधिक जानकारी और एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित की गई थी। छात्रों ने इस दौरे के दौरान न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया, बल्कि पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों से प्रश्नावली के माध्यम से पर्यटन एवं उद्योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की।

- वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने विशाखापट्टनम का किया शैक्षणिक भ्रमण

### पर्यटन उद्योग के वर्तमान परिदृश्य को जाना

विद्यार्थियों ने प्रमुख स्थलों में म्यूज़ियम, कुरसुरा पनडुब्बी म्यूज़ियम, कैलाश गिरी, ऋषिकोंडा बीच, बिबली बीच, आर.के. बीच, रामनाईडू फिल्म स्टूडियो और थोटला कोंडा बौद्ध मठ का दौरा किया। इन स्थलों पर छात्रों ने न केवल स्थानीय सांस्कृतिक धरोहरों और ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की, बल्कि पर्यटन उद्योग के विकास और उसकी चुनौतियों पर भी चर्चा की। छात्रों ने इस दौरान पर्यटन उद्योग पर आधारित एक विशेष प्रश्नावली तैयार की थी। इस प्रश्नावली में छात्रों ने स्थानीय नागरिकों से पर्यटन स्थल, उनमें उपलब्ध सुविधाओं, पर्यटकों की संख्या, उनके अनुभव और पर्यटन से संबंधित अन्य पहलुओं पर सवाल पूछे। पर्यटन उद्योग के वर्तमान परिदृश्य को बेहतर तरीके से समझने के लिए छात्रों ने वास्तविक समय में डेटा भी एकत्र किया था। कुरसुरा पनडुब्बी म्यूज़ियम में छात्रों ने भारतीय नौसेना के इतिहास और पनडुब्बियों के उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी ली। वहीं, कैलाश गिरी और ऋषिकोंडा बीच पर छात्रों ने प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ पर्यटकों के अनुभव और पर्यावरणीय प्रभावों पर विचार किया। भारतीय फिल्म उद्योग का अहम हिस्सा रामनाईडू फिल्म स्टूडियो में फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियों को भी देखा।

### धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव पर किया विचार

थोटला कोंडा बौद्ध मठ में छात्रों ने भारतीय बौद्ध संस्कृति और धार्मिक धरोहर के बारे में जाना। इस मठ के ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए, छात्रों ने पर्यटन के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव पर भी विचार किया। पर्यटन उद्योग के विभिन्न पहलुओं को समझने और उन्हें अनुसंधान कौशल में निपुर्ण बनाने के लिए शैक्षणिक दौरा का आयोजन किया गया था। छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के दौरे से उन्हें उद्योग से जुड़ी वास्तविक और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला साथ ही उन्हें टीम वर्क, डेटा संग्रहण और अनुसंधान के महत्व को भी समझा। इस दौरे में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस एन झा, सहायक प्राध्यापक डॉ प्रदीप जांगड़े, अतिथि प्राध्यापक डॉ कुंदन जांगड़े, सोमनाथ डनसेना, प्रिया अग्रवाल, नूतन देशमुख सहित निशित साहू, मनोज लोधी, चंद्रशेखर सिंह कवर शोध विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये।

## समाज इवेंट

# हल्दी कुमकुम लगाकर बांटे उपहार, प्रतिभावान हुए सम्मानित



**भिलाई।** क्षत्रिय मरठा कलार समाज छत्तीसगढ़ का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह गुरुद्वारा हॉल न्यू खुर्सीपार भिलाई में आयोजित किया गया था। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चें व उल्लेखनीय कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अनिल चौरागड़े चिकित्सक, नरेंद्र धुवारे राष्ट्रीय संयोजक कलार समाज बालाघाट, गोंदिया से क्षत्रिय मराठा कलार समाज पूजा नंदकिशोर डहाके, जिला प्रभारी नीता दिलीप धपाड़े, कमलेश पालेवार बालाघाट, सिंधु दियेवार राजनांदगांव, समाज के संस्थापक कोषाध्यक्ष लोकचंद सोनवाने उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ समाज अध्यक्ष इति ध्रुवे ने सभी अतिथियों का समाज जनों का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ समाज सचिव डॉ राधेश्याम गजघाट ने वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल चौरागड़े ने समाज को संगठित करने पर जोर दिया। नरेंद्र धुवारे ने समाज को एकजुट होकर कार्य करने और समाज को सभी प्रकार से सहयोग देने की बातें कही। इस दौरान विजय रेकचंद चौरागड़े को उल्लेखनीय कार्य करने, निलेश कुमार हरी धुर्वे को स्पर्धात्मक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने सहित हर्षिता दिनेश बिसेन, तनुजा श्याम लाल चौरीवार, समीर रेखराज चौरागड़े, दमयंती भाऊलाल कावड़े को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं के लिए हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम एवं सभी सदस्यों के लिए मनोरंजन गेम्स सहित हाउजी का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन डॉ राधेश्याम गजघाट और आभार प्रदर्शन कविता साहू हरफोड़े ने किया। कार्यक्रम में जगदीश धुवे, रेखराज चौरागड़े, प्रवीण साहू हरफोड़े, तुलेंद्र दियेवार, डॉ. प्रेमशंकर कावले, संगीता गजघाट, शमिता ध्रुवे, रूपेश ध्रुवे, नितिन ध्रुवे, प्रवीण ध्रुवे और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित थे।

- क्षत्रिय मरठा कलार समाज छत्तीसगढ़ का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह



## गनियारी में महोत्सव का हुआ समापन, प्रदेशभर से पहुंचे थे कलाकार

# छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को जीवित रखना हम सबका दायित्व है: भूपेश बघेल

**भिलाई।** गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से गनियारी लोक कला महोत्सव के समापन हुआ। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सीएम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि 16 वर्षों तक लोक कला महोत्सव का आयोजन करना कठिन काम होता है। निर्मल कोसरे एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को जीवित रखने का जो प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति , यहां के तीज-त्यौहार, खेलकूद ,खान- पान को संरक्षित रखने का प्रयास किया। जिसके चलते न केवल शहरों में अपितु ग्रामीण अंचलों में भी छत्तीसगढ़ के संस्कृति की छटा नजर आती है। छत्तीसगढ़ के पंथी, पंडवानी, करमा, ददरिया, सुआ, राउत नृत्य जैसे विधाओं ने भारत के साथ विश्व में अपना लोहा मनवाया है। 5 सालों तक अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष एवं नगर निगम भिलाई चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ लुप्त होती छत्तीसगढ़ की लोक विधाओं को जीवित रखना है। विशष्टि अतिथि राजेन्द्र साहू, सुजीत बघेल ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की।





### ये भी थे मौजूद

कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे , धर्मेंद्र कोसरे, गौरी बंजारे, राजू लहरे, हेमंत कोसरे, धन सिंह कोसरे ,हेमचंद कोसरे ,सबल बंधे, सोनू बंजारे, चिनेश कोसरे, राहुल टंडन, आकाश टंडन, शुभम कोसरे, जितेंद्र बंजारे, विजय लहरे, हीरामन टंडन हर्ष गायकवाड, यमन कोसरे, प्रेमलाल साहू गणेश यादव, पुरानिक ठाकुर, रमेश ठाकुर, चंद्रशेखर साहू, बिसौहा वर्मा, राम रतन रिगरी, विजय रिगरी, चैतराम रिगरी, हीरा सिंह ठाकुर, भोलाराम साहू, लता ठाकुर, पूजा ठाकुर, सुधा यादव, सीमा ठाकुर, ललित गोस्वामी, नैना पारधी, गोपाल वर्मा, रेवा ठाकुर, योगिता वर्मा, रमा वर्मा, नर्मिला जोशी, बिंदु पाटिल, संतोषी लहरे सहित सभी महिला स्व सहायता समूह और ग्रामीण जन मौजूद थे।

### प्रतिभागियों को पूर्व सीएम बघेल ने किया सम्मानित




### छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पहुंचे कलाकार

बीते 16 वर्षो से ग्राम गनियारी भिलाई तीन में लोक कला महोत्सव का आयोजन होता रहा है। महोत्सव में शामिल होने छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से कलाकार एक दिन पहले ही पहुंच गए थे। महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला देख गांव के लोग मंत्रमुग्ध हो गए। लगातार हो रहे इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ झलक हर साल देखने को मिलती है। प्रदेश से आने वाले कलाकार यहां अबपनी प्रस्तुति देकर हर्ष व्यक्त करते है।



### महोत्सव में दिखी छत्तीसगढ़ की झलक

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने गनियारी लोक कला महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं 2013 में भी इस महोत्सव में शामिल हुआ था। तब छोटे स्तर में आयोजन होता था लेकिन 16 वर्षों में गनियारी लोक कला महोत्सव ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना लिया है। पद्मश्री डॉ आर एस बारले एवं पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू ने भी कार्यक्रम का सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम आदर्श बाल जस झांकी परिवार बोदल जिला बालोद,कुमारी हेमलता पटेल के भरथरी, कुमारी मिथलेश्वरी सेन के रामायण, सत्य के प्रचार पंथी मंडली पिटौरा जिला दुर्ग, जय श्री गणेश फाग मंडली भटगांव जिला धमतरी, अबूझ माडिया गौर नृत्य खरगोन नारायणपुर, सुर भैया गोरेलाल बर्मन एवं विवेक शर्मा नाइट ने रात भर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस दौरान पद्मश्री डॉ आरएस बारले,लीलागर सिंह वर्मा, अप्पल नायडू, दास मनोहर, ध्रुव कुमार मारकंडे, बुटलू राम माथरा, कुमारी हेमलता पटेल का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान भी किया गया।

## महिलाएं दे रही आमंत्रण

# शिवरात्रि के पहले 23 को संगीत संध्या में शहनाज देंगी बाबा के भजनों की प्रस्तुति



**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष निकलने वाली बाबा की बारात इस बार नई ऊर्जा व उत्साह के साथ निकलेगी। जिसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ और भी ज्यादा उमड़ेगी। इस बार इस भव्य आयोजन में चर्चित भजन गायिका शहनाज अख्तर की संगीत संध्या और शिवरात्रि पर निकलने वाली झांकियों में प्रमुख छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोक नृत्य, संबलपुर व अघोर शमशान महाकाल सहित अन्य प्रदेशों की झांकियों की प्रतियोगिता सभी के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। जिसमें विजेताओं को समिति द्वारा नगद राशि, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया जाएगा। बाबा की बारात में सभी लोगो को आमंत्रण देने बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की महिलाएं कार्ड बांटने के लिए डोर-टू-डोर पहुंच रही हैं। मंगलवार को सुपेला सब्जी मंडी, फल मंडी, कैंप वन, कैंप 2, रामनगर, वैशालीनगर समेत अन्य स्थानों पर समिति के सदस्यों ने अलग-अलग इलाकों में आमंत्रण कार्ड दिया। खुर्सीपार इलाके में भी कार्ड वितरण किया गया। यह आयोजन का 17वां वर्ष है। आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। जोन-1, जोन-2, जोन-3 इलाके के घर-घर और सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बाबा की बारात का आमंत्रण दिया गया है। आयोजक दया सिंह ने बताया कि, खुर्सीपार, सुपेला, वैशालीनगर इलाके के सभी वार्डों में आमंत्रण कार्ड दिया गया। कैंप, टाउनशिप, सुपेला, आकाशगंगा, नेहरू नगर, स्मृतिनगर, दुर्ग, भिलाई-3 चरोदा, कुम्हारी, पाटन, उतई, अहिवारा समेत आसपास इलाकों में भी कार्ड वितरण किया जाएगा।

### 23 को संगीत संध्या, झुमेंगे शिवभक्त



आयोजक दया सिंह ने बताया कि 23 फरवरी दिन रविवार को संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जोन-2 दुर्गा मंदिर मैदान में आयोजित होगा। शाम 7 बजे से शहनाज अख्तर अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी। बाबा की बारात में इस बार आंध्रप्रदेश, श्री महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा, अघोर शमशान महाकाल विशेष प्रस्तुती। केरल के हनुमान भगवान का विशाल रुप, हंश पक्षी नृत्य, शिव भगवान बूढ़ा नृत्य टीमें करेंगी। छत्तीसगढ़ के भजन सम्राट दूकालु यादव की संगीतमय प्रस्तुती, जबलपुर के ग्यारह विशाल झांकीयाँ भोले बाबा के दुल्हे के रुप मे दर्शन, समुन्द्र मंथन करते हुए देव दानव भी इस आयोजन में दिखाई देंगे।

## लंबे समय से चला रहे अभियान

# निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए डॉ पाणिग्राही ने लोगों को किया प्रेरित




**दुर्ग।** लोकसभा, विधानसभा चुनाव के बाद अब विश्वनाथ पाणिग्रही ने निकाय और पंचायत चुनाव में लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने अभियान शुरू किया है। मंगलवार को निकाय चुनाव के लिए वोट डाले गए। इस दौरान पाणिग्रही ने लोगों को अलग-अलग माध्यमों से वोट डालने के लिए प्रेरित किया। स्वीप कार्यक्रम अंर्तगत शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने वाले नगर निगम दुर्ग के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर एवं स्वीप वॉलंटियर भी हैं। अपने अलग अंदाज में लोगों तक पहुंचकर मतदान अवश्य करने अपील की। उन्होंने कहा कि अच्छे प्रत्याशी का चुनाव एवं शत प्रतिशत मतदान आपकी जिम्मेदारी, आपका कर्तव्य एवं आपका अधिकार है। मतदान के दिन कितना भी आवश्यक कार्य हो सबसे पहले मतदान करें, फिर दूसरा काम करें। पांच साल में एक बार मिलने वाला आपका मतदान का अधिकार व्यर्थ न जाए इसका ध्यान रखें। इस कड़ी मे डॉ पाणिग्राही ने पुलगांव चौक से पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक से बीआईटी कॉलेज, महाराजा चौक, शीतला सब्जी मार्केट, मालवीय नगर चौक, रेलवे स्टेशन, राजेंद्र पार्क सहित वार्डों के नुक्कड़ों में लोगों से मिलकर मतदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. पाणिग्राही ने कहा लोगों में भारी उत्साह है अच्छा मतदान होगा।

# डॉ. शिरोमणि माथुर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित





**भिलाई।** संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति मध्य प्रदेश द्वारा 2023- 24 में प्रकाशित कृतियों पर अलंकरण समारोह साहित्योत्सव प्रस्फुटन 2025 का आयोजन बालाघाट में किया गया। साहित्य की सभी विधाओं कविता, कहानी, लघुकथा, छंद, दोहा विद्या, गजल विद्या, गीत विद्या के लिए भारत के साहित्यकारों की कृतियों पर शोध कार्य किया गया था। विजेता साहित्यकार को सम्मानित करने के लिए अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन बालाघाट के सीएम राइज विद्यालय में किया गया। विजेता साहित्यकारों के अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में अपनी कृतियों को भेजने वाले सभी साहित्यकारों को संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति ने 'साहित्य रत्न' सम्मान देकर सम्मानित किया। इसी संस्थान ने डॉ. शिरोमणि माथुर दल्लीराजहरा को उनकी कृति 'लाये स्वर्ग धरा पर' को छंद - दोहा विद्या के लिए स्व. राम प्रसाद कसार विशारद स्मृति 'कबीर अलंकरण-2025' से सम्मानित किया गया।

## भारती विवि में परीक्षा पर चर्चा के सीधे प्रसारण

# परीक्षा पे चर्चा से सीखा खुद की चुनौतियों से लड़ना और रोगी को अपंगता की ओर ले जाती है फाइलेरिया, बचाव जरुरी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में परीक्षा पर चर्चा 2025 का सीधा प्रसारण और फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव एवं अवसाद के नियंत्रण के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को नेतृत्व क्षमता के गुर सिखाए। गंभीर मुद्दों को बड़ी सरलता और सहजता से समझाने का प्रयास किया।



### हर साल लक्ष्य सीमा बढ़ाये

प्रधानमंत्री ने कहा कि लीडर के लिए टीमवर्क सीखना बहुत जरूरी है। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपको अपने अंदर की चुनौतियों से लड़ना होगा, मान लीजिए, अगर पिछली बार आपके 30 अंक आए थे, तो आपको इस बार कोशिश करनी चाहिए कि आप इस बार 35 अंक लेकर आएं, ऐसा करके आपको अपने लक्ष्य की सीमा को बढ़ाना चाहिए, यह आपके लिए एक चुनौती है, इसके लिए आपको खुद की चुनौतियों से लड़ना होगा।

### प्रभाव बढ़ने के बाद भयंकर लाईलाज बीमारी का रूप ले लेती फाइलेरिया

विश्वविद्यालय में फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता सह-प्राध्यापक भारती आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग डॉ श्रीकांत साहू ने अपने उद्बोधन में फाइलेरिया प्रभावित सर्वाधिक 10 राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ का नाम भी शामिल होना बताया। उन्होंने बताया की फाइलेरिया या हाथीपांव क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लार्वा दूषित जल, दूषित भोजन, कृमि मरीजों आदि में विकसित होते हैं। यह प्रभाव बढ़ने के बाद भयंकर लाईलाज बीमारी का रूप ले लेती है तथा रोगी को अपंगता की ओर ले जाती है। उन्होंने इसके निदान के लिए एल्बेंडाजोल, आईबर मेक्टिन तथा डी.ई.सी. जैसी औषधियां चिकित्सीय मार्गदर्शन में लेने को कहा। केन्द्र शासन द्वारा फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान पखवाड़ा 10 से 15 फरवरी 2025 के मध्य समस्त भारत में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजनों में बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा किया गया।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मिशन इम्पॉसिबल-8 के सेट पर टॉम क्रूज ने मौत को दी मात

हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज अपने स्टंट खुद करने से नहीं कतराते। चाहे हेलीकॉप्टर से लटकना हो या बर्फीले समुद्र में गोता लगाना हो, उन्होंने सब कुछ किया है। वह अपने इस एक्शन अवतार और निडरता को अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' में भी दिखा रहे हैं।



अभिनेता ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे एक उल्टे विमान से लटके हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी इस साहसिक स्टंट को फिल्मा रहे हैं। क्लिप के कैप्शन में टॉम ने लिखा, 'हैंग ऑन।।।'। बाद में उन्होंने खुलासा किया कि स्टंट करते समय वे बेहोश हो गए थे। उन्होंने बताया, 'जब आप अपना चेहरा बाहर निकालते हैं, 120 से 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं तो आपको ऑक्सीजन नहीं मिल पाती।'

अभिनेता ने आगे कहा, 'इसलिए मुझे खुद को सांस लेने की ट्रेनिंग देनी पड़ी। कई बार मैं शारीरिक रूप से बेहोश हो जाता था। मैं कॉकपिट में वापस जाने में असमर्थ था।' टॉम क्रूज आगामी मिशनः इम्पॉसिबल किस्त में जासूस एथन हंट के रूप में अपनी भूमिका को दोहरा रहे हैं। वहीं, निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने उसी साक्षात्कार में फिल्म में पहले कभी न देखे गए स्टंट का संकेत दिया। उन्होंने मजाक में कहा, 'इस फिल्म में ऐसे स्टंट हैं, जो आपके दिमाग को पिघला देंगे।' उन्होंने फिल्म के जबरदस्त एक्शन दृश्यों को भी याद किया और कहा कि जब टॉम बाहर निकलेगा और कुछ ऐसा करेगा, जो उसने पहले कभी नहीं किया होगा।'

## टॉलीवुड

### 'मेरे बेटे तुम पर गर्व है...', 'तंडेल' में नागा का अभिनय देख भावुक हुए नागार्जुन

नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म 'तंडेल' आखिरकार 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आ गई, दर्शकों का प्यार भी मिला। चंदू मोंडेती द्वारा लिखित और निर्देशित और देवी श्री प्रसाद द्वारा एक भावपूर्ण साउंडट्रैक के साथ फिल्म ने पहले ही अपनी भावनात्मक रूप से भरी कहानी और मनोरंजक प्रदर्शनों से दर्शकों का दिल जीत लिया है।



फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अब नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया और अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया पर व्यक्त किया। एक्स पर एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए नागार्जुन ने 'तंडेल' के आधिकारिक पोस्टर के साथ नागा चैतन्य को गले लगाते हुए अपनी एक मार्मिक तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनके पोस्ट ने फैंस को भी भावुक कर दिया। पोस्ट साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, 'प्रिय नागा चैतन्य, मुझे तुम पर गर्व है बेटा। मैंने तुम्हें सीमाओं को लांघते, चुनौतियों का सामना करते और इस कला को अपना दिल देते देखा है। तंडेल सिर्फ एक और फिल्म नहीं है - यह तुम्हारे अथक जुनून, बड़े सपने देखने की हिम्मत और तुम्हारी कड़ी मेहनत का सबूत है।' नागार्जुन ने चैतन्य के फैंस का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा, 'आप हमारे साथ परिवार की तरह खड़े रहे हैं और तंडेल की सफलता उतनी ही आपकी है जितनी हमारी। आपके अंतहीन प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। आभार। नागार्जुन ने पूरी तंडेल टीम की भी सराहना की और कहा, 'अल्लू अरविंद गारू और बनी वासु को बहुत-बहुत धन्यवाद। अद्भुत प्रतिभाशाली साई पल्लवी को बधाई- आप हमेशा चौंका देती हैं। प्रतिभाशाली देवी श्री प्रसाद, आप कमाल हैं। उभरते हुए सितारे निर्देशक चंदू मोंडेती और शानदार तंडेल की टीम को इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए धन्यवाद।'

## भोजपुरी

### काजल ने खेसारी पर किया कमेंट वजह जानकर रह जाएंगे दंग

भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस काजल राघवानी के चर्चे कुछ ज्यादा ही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अब अपने इंटरव्यूज में वो खेसारी लाल यादव के साथ अपने रिलेशन पर खुलकर बात करने लगी हैं। काजल राघवानी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं और उन्होंने पवन सिंह, खेसारी लाल समेत कई सितारों के साथ हिट फिल्में दी हैं। 2017 से लेकर 2019 तक खेसारी और काजल के अफेयर के किस्से खूब सुनने को मिले, लेकिन बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। एक यूट्यूब चैनल को काजल राघवानी ने 2022 में एक इंटरव्यू दिया था। इमसें उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई बातें शेयर की हैं। इसमें ये भी बताया गया कि खेसारी लाल के सामने वन टू वन बात करने को तैयार हैं। इंटरव्यू में काजल राघवानी से पूछा गया कि खेसारी लाल ने कहा है कि उन्हें जब पता चला कि आप उनसे शादी करना चाहती हैं तो उन्होंने आपको छोड़ दिया क्योंकि वो पहले से मैरिड थे, इसपर आप क्या कहती हैं? काजल ने इसका जवाब दिया, 'खेसारी लाल ने मुझे बिल्कुल भी नहीं छोड़ा है, अगर हर जगह उसने जाकर बोला है कि मैंने उसे छोड़ दिया, काजल राघवानी ने मुझे धोखा दिया तो आई एम वेरी सॉरी मैंने उनको छोड़ा है और वो ये बात जानते हैं। अगर हिम्मत है।





लाइफ स्टाइल

मैक्सिको का फैशन

जूलिया रेनाटा, फ्रेंको क्रिस और गोयरी मैनकैकंडी जैसे मॉडल्स ने प्रकृति की शक्तियों और समाज पर उनके प्रभाव को अपने फैशन से चित्रित किया है। उन्होंने अपने स्प्रिंग शो का शीर्षक अरुमुरु ओट्रो मुंडो रखा, जो मैक्सिकन चित्रकार और लेखक डॉ। एटल की किताब से प्रेरित है।

# प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल

जब बालों की केयर की बात होती है, तो प्याज का रस बेहद कमाल काम करता है। दरअसल इसमें ऐसे कंपाउंड होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगस से लड़कर आपके बालों को हेल्दी बनाते हैं। इसमें मौजूद सल्फर बालों को टूटने और पतला होने से बचाता है। साथ ही साथ, इसके एंटीऑक्सीडेंट बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद कर सकता है।

जब इसका इस्तेमाल बालों में किया जाता है तो बालों को पोषण देने और उसे झड़ने से रोकने में मदद मिलती है। यह सच है कि प्याज का रस बालों के लिए लाभदायक है। लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बता रहे हैं-



### जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।

### करें पैच टेस्ट

अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन सेंसेटिविटी के बारे में पता चलेगा। एक बार प्याज का रस एक छोटे से एरिया पर लगाने के बाद आप कम से कम 24 घंटे इंतजार करें जिससे कि कोई नेगेटिव रिएक्शन न हो।

# साड़ी के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से स्टाइल जरूर करें



फैशन

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।



सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के साड़ी डिजाइंस आजकल काफी चलन में है। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

### स्लीवलेस ब्लाउज डिजाइन

इंडो-वेस्टर्न या मॉडर्न लुक लुक पाना चाहती हैं तो प्लेन साड़ी के साथ इस तरीके का स्लीवलेस ब्लाउज आप ट्राई कर सकती हैं।

# सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का जरूर करें इस्तेमाल

सन टैन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। जब किसी को सन टैन की समस्या होती है जो इससे स्किन में जलन, इरिटेशन व दर्द की समस्या हो सकती है। यूं तो सन टैन की समस्या को दूर करने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम्स मिलती हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी स्किन को राहत पहुंचा सकती हैं। इसमें खीरा आपके काफी काम आ सकता है। यूं तो खीरे का उपयोग टैनिंग को दूर करने के लिए नहीं किया जाता है, लेकिन खीरे के सूदिंग और हाइड्रेटिंग गुण यकीनन आपके लिए मददगार हो सकते हैं। खीरे का उपयोग धूप के कारण होने वाली जलन की परेशानी को कम करने और अत्यधिक धूप के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का इस्तेमाल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-



### खीरे और गुलाब जल का करें इस्तेमाल

सन टैन होने पर स्किन को ठंडक की काफी जरूरत होती है। ऐसे में खीरे और गुलाब जल को मिक्स करके इस्तेमाल करना अच्छा विचार है।


सन टैन को रिमूव करने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका रस निकाल लें। अब एक चम्मच गुलाब जल (घर पर कैसे बनाएं गुलाब जल) और खीरे का रस डालकर मिक्स करें। अब आप कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। थोड़ी देर तक इसे ऐसे ही रहने दें और फिर उसे ठंडे पानी से धो लें। इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।

### खीरे और नींबू के रस का करें इस्तेमाल

खीरे के साथ नींबू के रस का इस्तेमाल करने से भी सन टैन को दूर किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है।

# मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय नहीं करनी चाहिए छोटी-छोटी गलतियां

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए। साथ ही, क्लीनिंग के दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी मेकअप स्पॉन्ज क्लीनिंग मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अवॉयड करना चाहिए-



### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।

कार्नर न्यूज

## बूट्स से दमदार दिखता है आपका व्यक्तित्व

# बूट्स है फैशन की डिमांड, जींस के साथ मैचिंग करना हो तो जान लें जरूरी टिप्स

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे।

बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। यहां पर आपको कुछ कॉमन बूट्स के बारे में बता देता हूं- कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स,चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर बांट सकते हैं। जैसे हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। इसलिए बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।



### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।